“अपनी एक मूर्ति बनाता हूँ और ढहाता हूँ और आप कहते है कि कविता की है।”
रघुवीर सहाय

RNI. MPHIN/2016/68439

# दैनिक मेल पॉवर





पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-77 | भोपाल, गुरूवार 14 अगस्त 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित


## न्यूज. ब्रीफ

### रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर, पांच लोगों की मौत

जौनपुर। यूपी के जौनपुर जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी पेट्रोल पंप के पास एक रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में दो साल की बच्ची समेत पांच लोगों की मौत हो गई और लगभग 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना मंगलवार रात खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी पेट्रोल पंप के पास हुई। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना रात करीब साढ़े 10 बजे हुई जब जौनपुर से आ रही बस और शाहगंज से आ रहे एक ट्रक की आपस में टक्कर हो गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं, दो पुरुष और एक बच्चा शामिल है। पुलिस के अनुसार, इस घटना में 15 अन्य घायल हुए हैं।

### केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह सहित पांच पर दर्ज होगी एफआईआर

गोंडा। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट ने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री और भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, उनके प्रतिनिधि राजेश सिंह और तीन अन्य लोगों के खिलाफ जालसाजी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। यह फैसला सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अपेक्षा सिंह की अदालत ने अजय सिंह की शिकायत पर सुनवाई के बाद सुनाया। गोंडा के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा गांव के निवासी अजय सिंह ने कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया कि केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, उनके प्रतिनिधि राजेश सिंह, सहदेव यादव, पिंकू और कांति सिंह ने उनकी पत्नी मनीषा सिंह के नाम दर्ज जमीन को धोखाधड़ी से दोबारा बैनामा कर लिया।

### नीट पीजी 2025 का रिजल्ट 3 सितंबर तक होगा जारी

नई दिल्ली। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन्स इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) का कहना है, कि नीट पीजी 2025 परीक्षा का परिणाम 3 सितंबर 2025 तक घोषित किया जा सकता है। परीक्षा में शामिल हुए लाखों उम्मीदवारों की नजरें आने वाले रिजल्ट पर टिकी हुई हैं। गौरतलब है कि देशभर के 301 शहरों में 1052 परीक्षा केंद्रों पर 3 अगस्त को आयोजित इस परीक्षा में लगभग 2.42 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। रिजल्ट एनबीईएमएस की आधिकारिक वेबसाइट एनबीई डॉट ईडीयू डॉट इन पर जारी होगा। बोर्ड के अनुसार, परिणाम पीडीएफ फॉर्मेट में उपलब्ध होगा, जिसमें उम्मीदवारों के रोल नंबर, अंक, अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) और योग्यता की स्थिति दी जाएगी। इस बार सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार परीक्षा एक ही पाली में आयोजित करवाई गई थी। पिछले वर्षों के रुझान के अनुसार, परीक्षा के लगभग 30 दिनों के भीतर रिजल्ट घोषित कर दिया जाता है। ऐसे में इस बार भी उम्मीदवारों को 3 सितंबर से पहले परिणाम मिलने की संभावना बनी हुई है।

**नशा नाश की जड़ है, इसकी लत से होने वाला कष्ट किसी से नहीं छिपा**

# नशे के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ जारी रहेगी ठोस कार्रवाई : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय समारोह को किया संबोधित

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 56.52 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों को 339 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का किया अंतरण



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नशा परिवार, समाज और देश की खुशहाली और समृद्धि को कई गुना पीछे ले जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत 5 वर्ष पहले की थी। नशा मुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प की सिद्धि के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराब दुकानों और बार पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रदेश में नशे से दूरी है जरूरी अभियान का सफल संचालन किया गया। पुलिस नशा कारोबारियों के मास्टरमाइंड पर शिकंजा कस रही है। नशा मुक्त मध्यप्रदेश के लिए कानून के साथ सामाजिक जागरूकता की दिशा में भी काम किया जा रहा है। सरकार समाज से नशे की बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पित हैं। भोपाल पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की है। कोई कितना भी पहुंच वाला क्यों न हो, आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को रवींद्र भवन स्थित हंसध्वनि सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय वृहद नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित किया। नशा मुक्ति के लिए गायत्री परिवार और ब्रह्मा कुमारी के कार्य उल्लेखनीय मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि व्यक्ति को सकारात्मक विचारों से प्रेरणा लेकर स्वयं नशा छोड़ते हुए दूसरों को भी नशा से मुक्ति के लिए प्रेरित करने का संकल्प लेना चाहिए। समाज को जागरुक करने के लिए गायत्री परिवार और ब्रह्मा कुमारी संस्था उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई।

### विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कारों का हुआ वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख 52 हजार से अधिक हितग्राहियों के खातों में 339 करोड़ रुपए की पेंशन का सिंगल क्लिक से अंतरण भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और नशा मुक्ति पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### प्राचीन भारतीय ज्ञान-विज्ञान को देखकर आश्चर्यचकित है दुनिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान के आधार पर परिष्कृत भारतीय दर्शन को विश्व बड़े आश्चर्य से देखता है। भारत के महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने पौधों में प्राण होने की बात कही तो विश्व के वैज्ञानिक अचंभित थे। प्रत्येक व्यक्ति को अपने संस्कार, सहकार युक्त जीवन और सामाजिक उत्तरदायित्वों का बोध होना चाहिए। भारत एक-दूसरे के प्रति सामंजस्य की भावना और अपनी संस्कृति के लिए जाना जाता है। इन व्यवस्थाओं के बल पर ही भारत को विश्व में विशेष स्थान प्राप्त है।

### जन सहयोग से सफल हुआ नशा मुक्ति अभियान : मंत्री कुशवाहा

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प भारत नशा मुक्ति अभियान की यह 5वीं वर्षगांठ है। अगस्त माह में नशे के खिलाफ देशव्यापी जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में पुलिस ने जन सहयोग से अभियान को सफल बनाया है। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है। जन सहयोग से हम विकसित भारत, समृद्ध भारत के संकल्प को पूर्ण करेंगे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे डायल 112 का फ्लैग ऑफ

## डायल-100 से डायल-112 : सुरक्षा की नई राह

- कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होगा कार्यक्रम
- एक नंबर, कई सेवाएं : डायल-112 का विस्तार

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश की नवीन आपातकालीन सेवा डायल 112 का शुभारंभ 14 अगस्त को दोपहर 12:20 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में करेंगे। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा भी उपस्थित रहेंगे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेडियो/दूरसंचार श्री संजीव शमी ने बताया कि जन-सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक बदलाव लाते हुए, मध्यप्रदेश में डायल-100 की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाते हुए डायल-112 को एकीकृत, स्मार्ट और बहु-एजेंसी आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवा के रूप में स्थापित किया जा रहा है। बढ़ती आवश्यकताओं और बहु-एजेंसी समन्वय को देखते हुए, डायल-112 सेवा शुरू की जा रही है। अब पुलिस (100), स्वास्थ्य/एम्बुलेंस (108), अग्निशमन (101), महिला हेल्पलाइन (1090), साइबर क्राइम (1930), रेल मदद (139), हाईवे एक्सिडेंट रिस्पॉन्स (1099), प्राकृतिक आपदा (1079) और महिला एवं चाइल्ड हेल्पलाइन (181, 1098) जैसी सभी सेवाएं एक ही नंबर 112 से उपलब्ध होंगी। तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य और सेवा गुणवत्ता की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, डायल-112 को अधिक कुशल, बुद्धिमान और नागरिक-जागरूक प्रणाली के रूप में पुनः डिजाइन किया गया है। नई तकनीकों—डेटा एनालिटिक्स, रीयल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग और कश्ळ के साथ डायल-112 अब सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि खतरे का पूवार्नुमान कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी सक्षम है। नई डायल-112 प्रणाली की प्रमुख विशेषताएं 1. प्रत्येक शिफ्ट में 100 एजेंट की क्षमता वाला नया कॉन्टैक्ट सेंटर, जिसमें 40 सीटों का डिस्पैच यूनिट है। 2. PRI लाइनों से SIP आधारित ट्रंक लाइन पर माइग्रेशन, जिससे 112 पर कॉल एक्सेस अधिक सहज हो। 3. उन्नत बिजनेस इंटेलिजेंस (इक) और टकर रिपोर्टिंग टूल्स। 4. नागरिकों और FRV के बीच संपर्क को बेहतर बनाते हुए गोपनीयता बनाए रखने हेतु नंबर मास्किंग समाधान। 5. ऋफश के रख-रखाव को ट्रैक करने हेतु समग्र फ्लीट मैनेजमेंट सॉफ़्टवेयर। 6. चैटबॉट जैसे नॉन-वॉयस माध्यमों द्वारा नागरिकों से संवाद और शिकायतों की ट्रैकिंग। 7. नागरिकों और पुलिस अधिकारियों के लिए विशेष मोबाइल ऐप्स। 8. ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (HRMS) सॉफ़्टवेयर, बायोमेट्रिक उपस्थिति के साथ। 9. पारदर्शिता के लिए ऋफश२ में डैशबोर्ड कैमरा और बॉडी वॉर्न कैमरा की व्यवस्था। मध्य प्रदेश में डायल-112 सेवा (पूर्व में डायल-100 सेवा) मध्यप्रदेश में 1 नवम्बर 2015 को शुरू हुई डायल-100 भारत की पहली केंद्रीकृत, राज्य-व्यापी पुलिस आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवा थी। इसने शहरी और ग्रामीण—दोनों क्षेत्रों में त्वरित, तकनीक-सक्षम सहायता उपलब्ध कराते हुए जन-सुरक्षा में नया मानक स्थापित किया। इस प्रणाली का संचालन भोपाल स्थित अत्याधुनिक सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से किया गया। नागरिक टोल-फ्री नंबर 100 पर कॉल करते थे, जहां प्रशिक्षित कॉल-टेकर कंप्यूटर-सहायता प्राप्त डिस्पैच सॉफ़्टवेयर के माध्यम से निकटतम उपलब्ध डायल-100 (ऋफश) की पहचान कर तुरंत रवाना करते थे। इसमें 1,000 जीपीएस-सक्षम चार-पहिया ऋफश और 150 दो-पहिया इकाइयाँ शामिल थीं, जिन्हें मोबाइल फोन और मोबाइल डेटा टर्मिनल (टऊळ) से लैस किया गया था। डायल-100 कॉल सेंटर में आपात स्थिति में कॉलर की लोकेशन ट्रेस करने के लिए लोकेशन बेस्ड सिस्टम (LBS) स्थापित है। पुलिस के ये इमरजेंसी वाहन अतिशीघ्र सहायता स्थल तक पहुंचते हैं, जिससे न्याय को जन-जन के द्वार तक पहुंचाने का संकल्प डायल-100/112 के माध्यम से सार्थक हो रहा है।

# उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को इंडी गठबंधन की बैठक

## 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है



नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी और शाम को मतगणना भी होगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। भाजपा की ओर से थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार इस बीच, भाजपा इस पद के लिए अपनी विचारधारा के प्रति समर्पित कार्यकर्ता को उम्मीदवार बना सकती है। फिलहाल जिन नामों पर पार्टी में विचार चल रहा है, उसमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। अन्य नाम सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का भी है।

**राहुल गांधी को जान का खतरा**

# अदालत में दिया आवेदन और कहा- इतिहास दोहराने न दें

## ज्वलंत मुद्दे उठाने और सावरकर पर दिए बयान के चलते हत्या की आशंका



पुणे। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पुणे की एक अदालत में आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा, कि उनकी जान को गंभीर खतरा है। उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या का जिक्र करते हुए इतिहास को दोहराने नहीं देने की भी बात कही है। उक्त आवेदन सावरकर पर की गई टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में प्रस्तुत किया गया है। एक जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी की हत्या का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने अपने आवेदन में कहा है, कि इतिहास को खुद को दोहराने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसी के साथ राहुल गांधी ने दावा किया, कि हाल ही में उन्होंने जिन राजनीतिक मुद्दों को उठाया है और पूर्व में सावरकर पर जो टिप्पणियां कीं थीं, उनकी वजह से उनकी सुरक्षा को बड़ा खतरा पैदा हो गया है। इस मामले के शिकायतकर्ता, नाथूराम गोडसे के सीधे वंशज हैं। शिकायतकर्ता के परिवार का हिंसा और असंवैधानिक गतिविधियों से जुड़े दस्तावेजों वाला इतिहास मौजूद है।







## स्मार्ट मीटर के फायदे आम जन को बताएं

### प्रबंध संचालक द्वारा भोपाल शहर वृत्त की विद्युत आपूर्ति की समीक्षा

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कहा है कि जहां भी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, वहां पर उपभोक्ता को जारी होने वाले बिल में कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। स्मार्ट मीटर के प्रति विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे बताकर जागरुक करें एवं उनकी जिज्ञासाओं का प्रभावी समाधान करें। यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने भोपाल शहर वृत्त के अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर कंपनी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों सहित मुख्य महाप्रबंधक भोपाल क्षेत्र श्री अमृतपाल सिंह, उप मुख्य महाप्रबंधक भोपाल शहर श्री बी.बी.एस. परिहार, सभी उप महाप्रबंधक तथा मैदानी अधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक के दौरान प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि विद्युत लाइनों और उपकेन्द्रों का रखरखाव का ऐसा प्लान तैयार किया जाए जिससे कम से कम समय का शटडाउन लिया जाए ताकि अधिक समय तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो। विद्युत दुर्घटनाओं को लेकर प्रबंध संचालक ने जन जागरूकता अभियान चलाने के साथ लाइनों के नीचे गार्डिंग, ट्रांसफार्मर के डोर को कवर करने तथा फैंसिग करने पर ध्यान देने की जरूरत बताई। प्रबंध संचालक श्री सिंघल ने स्पष्ट किया कि प्राकृतिक आपदा को छोड़कर बाकी अवधि में ट्रिपिंग न्यूनतम होना चाहिए और यदि बार-बार ट्रिपिंग हो रही है तो उसके कारणों का विश्लेषण होना चाहिए। उन्होंने मैदानी अधिकारियों को लगातार मैदानी भ्रमण की सलाह दी और कहा कि उपकेन्द्रों आदि पर निरीक्षण करते वक्त अपनी निरीक्षण टीप अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए निरंतर उपाय किये जाएं तथा बिलिंग दक्षता में वृद्धि कर राजस्व संग्रहण को बढ़ाया जाए। प्रबंध संचालक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोल्ड यूनिट की वृद्धि के लिए विजिलेंस चेकिंग निरंतर की जाए। उन्होंने कहा कि भोपाल शहर में नये आवासीय परिसरों, कॉलोनियों और निर्मित मकानों का सर्वे कर ऐसे परिसरों को चिन्हित करें और जहाँ कनेक्शन उपलब्ध नहीं है, उन्हें नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराकर नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराएं जाएं। आगामी गणेशोत्सव के बारे में कहा कि जोन वार वितरण केन्द्र अपने क्षेत्र में स्थापित होने वाले गणेश पंडालों की जानकारी जुटाकर कलेक्टर कार्यालय से अनुमतियों की सूची प्राप्त कर आयोजन समितियों से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक गणेश पंडालों को अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराएं। बैठक में बताया कि सरल संयोजन के माध्यम से 10 किलोवाट भार तक के घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए स्वचालित भार वृद्धि की एक नई सुविधा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को केवल सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा और कंपनी के पोर्टल के माध्यम से बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप या जोन-स्तरीय अनुमोदन के बिना त्वरित और निर्बाध रूप से उनका भार स्वीकृत हो जाएगा और भार वृद्धि के लिए निर्धारित शुल्क उनके आगामी देयक में जुड़कर आएगा। उपभोक्ताओं को 10 किलोवाट भार तक भार वृद्धि के लिए किसी जोन अथवा वितरण कार्यालय में संपर्क करने की जरूरत अब खत्म हो गई है। प्रबंध संचालक ने कहा कि बड़े बकायादारों तथा जिन पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालय में मुकदमे चल रहे हैं उन्हें लोक अदालत के माध्यम से अधिभार छूट का लाभ लेकर मामला निपटाने के लिए प्रेरित करें, ताकि राजस्व वसूली अधिक से अधिक हो सके। उन्होंने कहा कि अगले माह 13 सितंबर को पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में लोक आदलत का आयोजन होगा, जिसमें दस लाख रुपए तक के बड़े बकायादारों को निर्धारित शर्तों पर छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि धारा 126 के मामलों को नियमों और शर्तों के अधीन लोक अदालत में छूट मिलेगी। जुलाई माह के इनपुट की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से इनपुट बढ़ा है उस तरह से विक्रित यूनिट बढ़नी चाहिए ताकि कंपनी को अधिक राजस्व की प्राप्ति हो सके। प्रबंध संचालक ने कहा कि आकलित खपत के स्थान पर वास्तविक खपत के आधार पर देयक जारी किये जाएं।

## सिविल अस्पताल गोविंदपुरा में सितंबर माह से मिलेगी प्रसव सुविधा, सीएमएचओ ने देखीं व्यवस्थाएं

### निरीक्षण के दौरान ही मैटरनिटी विंग के लिए अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड सहित पेशेंट डाइट की दी स्वीकृति

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** सिविल हॉस्पिटल गोविंदपुरा में सितंबर माह से प्रसव की सुविधा भी शुरू की जा रही है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा द्वारा बुधवार को अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रसव से संबंधित आवश्यक संसाधनों की जानकारी ली गई। 100 बिस्तर के इस अस्पताल में 24७७ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जल्द ही यहां पर प्रसव सेवाएं भी शुरू की जा रही हैं। अस्पताल में प्रसव सेवाओं की शुरूआत किए जाने के संबंध में सीएमएचओ ने अस्पताल के लेबर रूम, मॉड्यूलर ओटी, न्यू बोर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट, प्रसूति वार्ड, पीएनसी वार्ड, पैथोलॉजी लैब, ऑटोक्लेव इत्यादि का अवलोकन किया। अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना की जा चुकी है। साथ ही नर्सिंग ऑफिसर एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ भी उपलब्ध करवाया गया है। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने प्रसूताओं के लिए डाइट की व्यवस्था, सिविल संबंधी कार्यों और सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त गार्ड की स्वीकृति देकर एक सप्ताह में व्यवस्थाएं किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। इस अस्पताल में प्रसव सेवाएं शुरू होने से 15 से 20 किलामीटर दूर जयप्रकाश अस्पताल, काटजू या हमीदिया अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि शासन द्वारा सिविल अस्पताल के लिए मानव संसाधन, उपकरणों, दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था करवाई गई है। क्षेत्र की बड़ी आबादी को देखते हुए इस अस्पताल में सभी स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में सितंबर माह से प्रसव सेवाएं भी मिलना शुरू होगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 20 साल का सश्रम कारावास

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** जिले की आष्टा तहसील में एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी आनंद मालवीय निवासी अमरपुरा सिद्दीकगंज को 20 साल के सश्रम कारावास और 25 हजार रुपए के जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश विजय डांगी ने सुनाया। विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि 21 नवंबर 2024 को जावर पुलिस थाने में एक 14 वर्षीय नाबालिग के पिता ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पिता ने बताया कि 20 नवंबर को सुबह 10 बजे उनकी बेटी स्कूल गई थी, लेकिन शाम 6 बजे तक वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद भी जब वह नहीं मिली तो उन्हें शक हुआ कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और बाद में लडकी को बरामद कर आरोपी आनंद मालवीय को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों और तर्कों पर सहमति जताते हुए आरोपी को दोषी पाया। विशेष न्यायाधीश ने आनंद मालवीय को पॉक्सो एक्ट की धारा 5एल/6 के तहत 20 साल के सश्रम कारावास और 25 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र सिंह ठाकुर ने की।

## सीहोर पुलिस को पुराने एफआरबी वाहनों से चलाना होगा काम, मिलेंगी सिर्फ 5 हाईटेक गाडियां

### पुलिस की इमरजेंसी सेवा 15 अगस्त से डायल 100 की जगह होगी डायल 112

### सीहोर में एफआरबी की संख्या बढकर हो जाएगी 25

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** कल 15 अगस्त से मध्यप्रदेश सहित जिले में भी पुलिस की इमरजेंसी एफआरसी सेवा में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। 15 अगस्त से डॉयल 100 के नाम से पहचान रखने वाली यह सेवा डॉयल 112 के नाम से जानी जाएगी। हालांकि जिले में इस सेवा का नाम ही बदला जा रहा है, गाडिं नहीं। इस बदलाव के अंतर्गत जिले को महज 5 हाईटेक गाडिं मिलेंगी, जबकि पुलिस को शेष पुरानी 20 गाडिों से ही काम चलाना होगा। इस तरह जिले में कुल एफआरबी की संख्या बढकर 25 हो जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश भर में डॉयल 100 सेवा में बदलाव किया जा रहा है। 15 अगस्त से यह सेवा डॉयल 112 के रूप में जानी जाएगी। जिले में भी इस सेवा में विस्तार भी हो रहा है। सुविधाओं से लैस पांच अतिरिक्त वाहन मिलने जा रहे हैं। इन वाहनों में वायरलेस सिस्टम, बीकन लाइट, मोबाइल डेटा टर्मिनल, डैशबोर्ड कैमरा, बॉडी वॉर्न कैमरा, टूल किट और स्ट्रेचर जैसी सुविधाएं शामिल हैं। **रिस्पॉन्स टाइम में होगा सुधार-** डायल 112 सेवा का सबसे बड़ा फायदा रिस्पॉन्स टाइम में होने वाला सुधार है। शहरी क्षेत्र अंचल में यह सेवा कम समय में निर्धारित पाइंटों पर पहुंच जाएगी। शहरी क्षेत्र में रिस्पांस समय 20-25 मिनट से घटकर 15-20 हो जाएगा, जबकि अंचल में भी 30 मिनट से घटकर 20-25 मिनट हो जाएगा। इससे आपात स्थिति में लोगों को तत्काल सहायता मिल सकेगी। शहरी क्षेत्रों में स्कॉर्पियो और ग्रामीण क्षेत्रों में बोलेरो नियो प्लस जैसी गाडिं चलाई जाएंगी, जो गांव के दुर्गम रास्तों से निकलकर आसानी से घटना स्थल तक पहुंच सकेंगी। पांच नई गाडिं मिलेंगी एफआरबी प्रभारी सुनील जायसवाल ने बताया कि डॉयल 112 के रूप में जिले में पांच नए वाहन मिलेंगे। यह वाहन कोतवाली थाने के लिए दो, पार्वती के लिए एक, आष्टा के लिए एक और भैरुदा में एक शामिल रहेंगे। इस तरह जिले में एफआरबी की संख्या बढकर 25 हो जाएगी। पुराने हो गए वाहन, निकाल रहे मेंटनेंस मालूम हो कि सीहोर पुलिस के पास जिले भर के लिए 20 एफआरबी वाहन है। जिले भर में लगातार सेवाएं देने के चलते यह वाहन कंडम हालत में पहुंच गए हैं। आए दिन इन वाहनों को किसी न किसी गैरेज पर खड़े होकर सुधरते देखा जा सकता है। बावजूद जिले में इन गाडिों को बदला नहीं जा रहा है। हालांकि अच्छी बात यह है कि 5 अतिरिक्त गाडिं दी जा रही है, जिससे इनकी संख्या 25 हो जाएगी।

जिले में डॉयल 100 के पाइंट

एसएचआर-1ः अहमदपुर - चरनाल जोड़
एसएचआर-2ः पार्वती - चौपाटी
एसएचआर-3ः आष्टा - भोपाल नाका
एसएचआर-4ः दोराहा - कस्बा मेन रोड
एसएचआर-5ः श्यामपुर - श्यामपुर
एसएचआर-6ः इछावर - दिवडि जोड़
एसएचआर-7ः बिलकिसगंज : बिलकिसगंज जोड़
एसएचआर-8ः जावर : जावर जोड़
एसएचआर-9ः नसरुल्लागंज : छिंदगांव मौजी
एसएचआर-10ः गोपालपुर : इटारसी जोड़
एसएचआर-11ः रेहटी : माली बायां
एसएचआर-12 बुदनी : रेहटी तिराहा
एसएचआर-13ः शाहगंज : शाहगंज चौराहा
एसएचआर- 14ः शाहगंज : बक्तरा बाजार
एसएचआर-15ः सिद्दीकगंज : खाचरोद
एसएचआर-16ः मण्डी : रेस्ट हाउस तिराहा
एसएचआर-17ः कोतवाली : हाउसिंग बोर्ड
एसएचआर-18ः कोतवाली : तहसील चौराहा
एसएचआर-19ः मण्डी : सोया चौपाल
एसएचआर-20ः बुदनी : मिडघाट

## हमारे तीर्थ, धार्मिक आस्था के साथ देश को एक सूत्र में पिरोए रखने का हैं माध्यम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### तीर्थदर्शन योजना का विस्तार होगा

दैनिक भेल पॉवर ■



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सनातन संस्कृति में तीर्थ यात्रा का विशेष महत्व है। तीर्थ मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। हमारे तीर्थ, धार्मिक आस्था के साथ देश को एक सूत्र में पिरोए रखने का माध्यम भी हैं। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैनी से बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी का पुण्य अर्जित करने प्रस्थान कर रहे तीर्थ यात्री बधाई के पात्र हैं। उन्हें गंगा स्नान और भगवान विश्वनाथ के दर्शन के साथ संत रविदास और कबीर दास की जन्मस्थली के दर्शन का भी सौभाग्य प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के धाम को जो शोभा प्रदान की, उस पर हम सभी को गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत बुधवार को उज्जैन से तीर्थ यात्रियों को अयोध्या ले जाने वाली ट्रेन को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली झंडी दिखाई। उन्होंने उज्जैन रेलवे स्टेशन पर उपस्थित उज्जैन और आगर-मालवा के तीर्थयात्रियों को संबोधित भी किया। पर्यटन विभाग के सहयोग से तीर्थदर्शन योजना का किया जाएगा विस्तार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के माध्यम से तीर्थ यात्रा का पुनीत अवसर प्राप्त हो रहा है। प्रदेश में वर्ष 2018 से आरंभ तीर्थदर्शन योजना का प्रतिवर्ष का बजट लगभग 50 करोड़ रूपए से अधिक है। तीर्थदर्शन योजना में हवाई यात्रा के माध्यम से भी तीर्थ कराने की व्यवस्था है। पर्यटन विभाग के सहयोग से तीर्थदर्शन योजना का और विस्तार किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विरासत से विकास के मार्ग पर अग्रसर होते हुए राज्य सरकार वरिष्ठजन सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रवण कुमार के समान अपने कर्तव्य का निर्वहन किया मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन से तीर्थ यात्रा पर जा रहीं श्रीमती कल्पना शर्मा, श्री रज्जू किशोर, श्री बाबूलाल शर्मा से वर्चुअली संवाद किया। श्रीमती कल्पना शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के वरिष्ठजन को तीर्थ यात्रा कराकर श्रवण कुमार के समान अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तीर्थ यात्रा पर जा रहे सभी यात्रियों को सफल-सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## तिरंगा रैली में शामिल हुए राजस्व मंत्री वर्मा, चलाई बुलड



दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत इछावर क्षेत्र में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और स्वतंत्रता का संदेश जन.जन तक पहुंचाना है। खास बात यह है कि रैली में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा भी सम्मिलित हुए। मंत्री श्री वर्मा ने भी बुलड चलाई। रैली में नगर पालिका अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा, एसडीएम जमील खान, थाना प्रभारी इछावर पंकज वाडेकर व थाना इछावर पुलिस स्टाफ, वन विभाग, नगर पालिका शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। बाइक रैली का शुभारंभ सी एम राईस स्कूल से हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों, पान चौराहा से गुजरते हुए आजाद चौक पर संपन्न हुई। समापन अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया। इस आयोजन में विभिन्न विभागों के लगभग 300 कर्मचारी भागीदार बने और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## जिला विकास समिति व्यापारी प्रकोष्ठ की ओर से वन मंडल अधिकारी ने किया पौधारोपण

**जब तक पौधे, पशु पक्षी हैं तब तक ही मानव जीवन है – श्रीमती शुक्ला**

दैनिक भेल पॉवर ■



**रायसेन ।** रायसेन में बस एक कदम और... सोशल वेलफेयर उंडेशन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज सांची मार्ग पर रायसेन वन मंडल कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें जिला वनमंडल अधिकारी प्रतिभा शुक्ला, श्रीमती प्रतिभा सिंह कार्यपालन यंत्री जल संसाधान विभाग ने पौधारोपण किया। इस दौरान आम नागरिक भी पहुंचे उन्होंने भी पौधारोपण किया। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी श्रीमती शुक्ला ने कहा कि पौधारोपण कर हम मानव जीवन को बचा रहे हैं। उन्होंने दुर्गा सप्तशती का सबसे पहला श्लोक पढ़ने के साथ इसका अर्थ बताया कि जब तक भू मंडल धरती पर पौधे पशु पक्षी हैं तब तक ही मानव का अस्तित्व है। इसलिए हमें वृक्ष बहुत जरूरी है। अधिक से अधिक पौधारोपण करें और अपने जीवन को सुगम बनाएं।

## मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में आयोजित "तिरंगा यात्रा" की सभी तैयारियां गरिमापूर्ण ढंग से समय से पूर्व सुनिश्चित करें

### महापौर श्रीमती मालती राय ने महापौर परिषद के सदस्य श्री रविन्द्र यती के साथ बोट क्लब का निरीक्षण कर दिए निर्देश

दैनिक भेल पॉवर ■



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गुरूवार, 14 अगस्त 2025 को राजधानी के बोट क्लब पर आयोजित ''तिरंगा यात्रा'' की तैयारियों का जायजा लेने हेतु महापौर श्रीमती मालती राय ने महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रविन्द्र यती के साथ बोट क्लब का निरीक्षण किया और तिरंगा यात्रा की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने तिरंगा यात्रा की सभी तैयारियों को गरिमापूर्ण ढंग से समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक डॉ.इलैया राजा टी., निगम के अपर आयुक्तद्वय श्री हर्षित तिवारी व श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, महापौर परिषद के सदस्य श्री मनोज राठौर व श्रीमती सुषमा बाबीसा सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। महापौर श्रीमती मालती राय ने बुधवार को सांय महापौर परिषद के सदस्य श्री रविन्द्र यती के साथ बोट क्लब का निरीक्षण कर गुरूवार, 14 अगस्त 2025 को आयोजित ''तिरंगा यात्रा'' की तैयारियों का जायजा लिया। महापौर श्रीमती राय ने मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम व नगर निगम के अधिकारियों से ''तिरंगा यात्रा''की तैयारियों के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने सभी तैयारियों को कार्यक्रम की गरिमा अनुरूप समय से पहले सुनिश्चित करने, सुरक्षा के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर घर तिरंगा अभियान में मुख्यमंत्री निवास पर फहराया तिरंगा

### प्रदेशवासियों से किया अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आहवान

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री निवास पर स्वयं तिरंगा फहराया और सेल्फी भी ली। इस अवसर पर प्रदेशवासियों को दिए संदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान से पूरे देश में देशभक्ति का वातावरण बना है। प्रदेश में हर गांव, वार्ड, विकासखंड, तहसील और जिला स्तर पर उत्साह-उमंग से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गतिविधियां जारी हैं। वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं और बच्चे अभियान से भावनात्मक रूप से जुड़े हैं। विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर में सेना द्वारा दिखाए गए पराक्रम ने सभी में देशभक्ति की भावना का संचार किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व में स्थिति और प्रगति से हर देशवासी गौरवान्वित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आहवान भी किया।



## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां, फाइनल रिहर्सल हुई

दैनिक भेल पॉवर ■



**सीहोर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की अंतिम तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। मुख्य समारोह के लिए पुलिस परेड ग्राउंड पर फाइनल रिहर्सल की गई। इस रिहर्सल में एसडीएम तन्मय वर्मा ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने एएसपी सुनीता रावत के साथ मिलकर परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी पूर्वाभ्यास किया गया। फाइनल रिहर्सल के बाद कलेक्टर बालागुरु के. और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समारोह की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान रैली का आयोजन

दैनिक भेल पॉवर ■



**सीहोर।** देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान जगाने के लिए हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। पुलिस परेड ग्राउंड से शुरू हुई इस रैली में हजारों लोग शामिल हुए। रैली में कलेक्टर बालागुरु के. और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने भी हिस्सा लिया। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और एसडीएम तन्मय वर्मा समेत कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। परेड दल और 3000 से अधिक विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर पूरे जोश के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।

## स्वर्गीय सुभाष राय की जन्मतिथि पर होगे विभिन्न सेवा कार्य

दैनिक भेल पॉवर ■



**गाडरवारा।** धार्मिक एवं समाज की सेवा में सदैव समर्पित रहने वाले सुभाष राय जिन्होंने अपने अल्प जीवनकाल में अनेक उपलब्धियां हासिल करते हुए निस्वार्थ भावना से कार्य किए। जिनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। आज भी उनके जाने के बाद भी उसके बताए पदचिन्हों पर मित्र मंडल चलकर उनके सेवा कार्य करते आ रहा है। इसी तारतम्य में स्वर्गीय सुभाष राय की जन्मतिथि के अवसर पर जनहित में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसमें सर्वप्रथम प्रात 9 बजे से तालाब परिसर में पौधारोपण किया जाएगा। शासकीय सिविल अस्पताल परिसर में दोपहर 11 बजे से मानव सेवा संघ के माध्यम से खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा साथ है श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति के प्रायोजन में दोपहर 11.30 बजे श्रद्धांजलि सभा एवं शासकीय सिविल अस्पताल को सैकड़ों इंजेक्शन एवं दवाइयां औषधि सेवा के माध्यम से अस्पताल अधीक्षक को भेंट की जाएगी। एवं रात्रि 8 बजे रेलवे स्टेशन परिसर में विशाल राम रोटी समिति के माध्यम से भोज प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर सुभाष भैया मित्र मंडल ने आत्मीय स्नेहीजनो से समयानुसार उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

## सर्व ब्राह्मण समाज के लेटरहेड की जालसाजी का मामला

### पंकज शर्मा पर लगाया समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने का आरोप

दैनिक भेल पॉवर ■



**सीहोर।** सर्व ब्राह्मण समाज, सीहोर के आधिकारिक लेटरहेड की कथित जालसाजी कर गलत तथ्यों के साथ पत्र तैयार किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। जिला अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि पंकज शर्मा द्वारा समाज का फर्जी लेटरहेड बनाकर उसका दुरुपयोग किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उक्त लेटरहेड पर गलत तथ्यों के साथ पत्र तैयार कर समाज की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाया गया है और समाज में भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। पं. दीपक शर्मा ने इसे भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में जिन धाराओं का उल्लेख किया गया है, उनमें शामिल हैं धारा 420 धोखाधड़ी, धारा 465 जालसाजी, धारा 468 धोखाधड़ी हेतु जालसाजी, धारा 469 प्रतिष्ठा को क्षति पहुँचाना। समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, ताकि ऐसे कृत्यों पर रोक लगाई जा सके और समाज की गरिमा बनी रहे। इस मौके पे पं.मनोहर शर्मा,सुदीप व्यास ,राजेंद्र दुबे,गोपाल दुबे,सुनील पाराशर,राजेश मोहन जी शर्मा,योगेश श्रुति,नवीन मिश्रा,मनीष शर्मा,प्रदीप गौतम,चंद्रकिशोर शर्मा,राकेश शुक्ला,राकेश शर्मा महाकाल,रजत व्यास,सुनील शर्मा,नवनीत उपाध्याय,रूपेश तिवारी,नितिन उपाध्याय,शिवम् शर्मा,अंकित त्यागी,तनिषा त्यागी,उदय मिश्रा,विनायक मिश्रा,आदि शर्मा,यदु व्यास, अनितेश शर्मा मौजूद रहे ।

### *मुख्यमंत्री डॉ यादव ग्राम महलपुरपाठा में 16 अगस्त को ''हलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकटोत्सव'' में होंगे शामिल*

*सत्येंद्र जोशी न्यूज। रायसेन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रायसेन जिले के गैरतगंज के ग्राम महलपुरपाठा स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में ''श्रीकृष्ण पव''- हलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकटोत्सव का आयोजन 16 अगस्त, 2025 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। एक दिवसीय समारोह में श्रीकृष्ण केंद्रित भक्ति गीतों के माध्यम से कलाकार सुरों से सुगंधित भक्ति की जमुना में श्रोताओं को गोते लगवाएंगे। समारोह में सागर के कडोरी प्रजापति एवं ग्रुप द्वारा बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात भोपाल की वाणी राव एवं साथी कलाकारों का भक्ति गायन होगा।*

## जिस मंडी को अन्ना भैया ने सुंदर बनाया अब मार रही जगह जगह से बदबू



दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर की, कृषि मंडी आज भी अन्ना भैया के नाम से जानी जाती है, भाजपा और कांग्रेस को डायरेक्ट चुनाव मे हजारों किसानों की वोटो से हराने बाले अन्ना धोरेलिया की लोकप्रियता चरम पर थी स कारण सरकार द्वारा मंडी वोर्ड का डायरेक्टर बनाया प्रदेश में जिन चंद मंडियो में काम हुआ उसमें से नरसिंहपुर मंडी भी एक थी, हर तरफ सड़कों का जाल बिछा पचासो की संख्या में रोड बनी आज भी सन 2006 की बनी रोड़ इतनी मजबूत है कि उनमे आज तक कुछ नहीं हुआ जबकि पचास टन के ट्राला उस रोड से हरदम गुजरते है, और आज मंडी की वह हालत है, अगर आप खड़े हो जाए तो दिखाई देगा जगह जगह कई जम रही है जमा हुआ पानी दुर्गंध मार रहा है कई जगह तो ऐसी है आप बदबू के कारण खडे होने मे दिक्कत होती है! जबकि भोपाल से नेता बड़े-बड़े भाषण दे रहे हैं! उसके बावजूद भी जब धरातल पर देखो आम जनता खुद ही विकास का अंदाजा लगा रही है, कि कितना विकास हुआ होगा ऐसे में सवाल तो उठेंगे क्योंकि मंडी में भारी भरकम टैक्स आता है!

उसके बावजूद भी मंडी का इतना बुरा हाल कहीं ना कहीं उच्च अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़ा करता है!

# सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का कारगर हथियार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- ऑनलाइन उपयोगकर्ता अपने बैंक अकाउंट और सोशल मीडिया का सावधानी से करें उपयोग
- प्रदेश के सभी जिलों में जारी है साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान
- मुख्यमंत्री ने साइबर सुरक्षा के लिए भारतीय स्टेट बैंक और पुलिस के जागरुकता अभियान को सराहा
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झंडी दिखाकर किया साइबर सुरक्षा जागरूकता रथ को रवाना

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत डिजिटल पेमेंट में दुनिया का अग्रणी देश बना है। वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक अब हमारी जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन चुकी है। मोबाइल, इंटरनेट, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन शिक्षा और सोशल मीडिया, ये सब अब दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। लेकिन डिजिटल सुविधाओं के साथ साइबर खतरे भी तेजी से बढ़े हैं। हमें जो डिजिटल सुविधा मिलती हैं, वह कभी-कभी चुनौती बन जाती हैं। डिजिटल फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसी कई घटनाएं सामाजिक और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसी स्थिति में प्रत्येक ऑनलाइन उपयोगकर्ता के लिए जरूरी है कि वे अपने बैंक अकाउंट और सोशल मीडिया का सावधानी से उपयोग करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के सहयोग से चलाए जा रहे साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के लिए अपने संदेश में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास से अभियान के अंतर्गत जिलों में जाने वाले जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। साइबर सुरक्षा वर्तमान समय में एक सामाजिक जिम्मेदारी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैंक खातों की सुरक्षा के उपाय बताने और ग्राहकों को साइबर अपराधियों से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे भारतीय स्टेट बैंक के साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान की सराहना की एवं एसबीआई के अधिकारी- कर्मचारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साइबर सुरक्षा वर्तमान समय में सामाजिक जिम्मेदारी बन चुकी है। तकनीक के उपयोग के साथ ही साइबर अपराधियों की सक्रियता भी बढ़ गई है। एसबीआई अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के साथ उन्हें ऑनलाइन डिजिटल खतरों से भी बचाने का कार्य कर रही है। डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर सजग और सतर्क रहना भी जरूरी है।



**साइबर सुरक्षा के लिए हर नागरिक बने आर्थिक प्रहरी-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डिजिटल वर्ल्ड में हमारा बैंक खाता, सोशल मीडिया या हमारी पहचान सब प्रभावित हो सकती हैं। इसीलिए प्रत्येक नागरिक के लिए जरूरी है कि वह अपने मोबाइल के स्क्रीन लॉक से लेकर, पासवर्ड की गोपनीयता तक हर स्तर पर सतर्क रहे। उन्होंने कहा कि अगर थोड़ी सावधानी बरती जाए, तो साइबर सुरक्षा से जुड़ी कई चुनौतियों से बड़ी आसानी से निपटा जा सकता है। प्रदेश का हर जागरूक नागरिक आर्थिक प्रहरी के रूप में अपनी और समाज की सुरक्षा में योगदान दे सकता है। जागरुकता की दिशा में उठा हर एक कदम समाज की सुरक्षा की गारंटी बनेगा।

# पीएम सूर्य घर योजना में अब तक 17 हजार 903 उपभोक्ताओं के खातों में पहुंची 139 करोड़, 46 लाख से अधिक की सब्सिडी

**योजना में तीन किलोवॉट के सौर संयन्त्र लगाने पर 78 हजार की सब्सिडी मिलेगी**

- 1 दिसंबर 2024 से स्थापित होने वाले प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सौर संयंत्रों में केवल स्मार्ट मीटर ही लगाए जा रहे हैं, जो कि मध्?य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा एस.ओ.आर. रेट पर उपभोक्ताओं को प्रदान किए जाएंगे जिससे उपभोक्ताओं द्वारा सोलर वेंडर को किए जाने वाले भुगतान में लगभग 6 से 8 हजार रुपए तक की कमी आयेगी।

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में पीएम सूर्यघर योजना के तहत अब तक कुल 17 हजार 903 उपभोक?ता पंजीकृत हुए हैं। जिन्?हें 139 करोड़, 46 लाख 20 हजार रुपए की राशि सब्सिडी के रूप में उनके खातों में जमा कराई जा चुकी है। कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उपरांत विद्युत वितरण कंपनी में रजिस्टर्ड अधिकृत वेंडर से ही सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाएं। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है। लोगों को इस योजना का लाभ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदान किया जा रहा है। प्रबंध संचालक ने कहा है कि इस योजना के तहत एक किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 30 हजार रुपए, दो किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवॉट या उससे अधिक के सोलर संयन्त्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। गौरतलब है कि पीएम सूर्यघर योजना का शुभारंभ 13 फरवरी 2024 को हुआ था। तब से लेकर आज दिनांक तक हजारों बिजली उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा गया है। योजना में शामिल होने के लिए आनलाइन आवेदन करना होगा। जिसके लिए पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाइट https://www.pmsuryaghar.gov.in पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट www.portal.mpcz.in अथवा उपाय एप, वॉट्सएप चेटबॉट व टोल फ्री नं, 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है। प्रबंध संचालक ने कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर सब्सिडी मिले इसके लिए वेंडर और उपभोक्ता दोनों को ध्यान रखना होगा कि उनके बैंक खाते में नाम, आधार कार्ड में नाम तथा बिजली बिल में नाम एक समान होना चाहिए। गौरतलब है कि 1 दिसंबर 2024 से स्थापित होने वाले प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सौर संयंत्रों में केवल स्मार्ट मीटर ही लगाए जा रहे हैं, जो कि मध्?य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा एस.ओ.आर. रेट पर उपभोक्ताओं को प्रदान किए जाएंगे जिससे उपभोक्ताओं द्वारा सोलर वेंडर को किए जाने वाले भुगतान में लगभग 6 से 8 हजार रुपए तक की कमी आयेगी। प्रबंध संचालक ने यह भी निर्देश दिए कि जिन रूफटॉप सोलर प्लांट में नेट मीटर के साथ मोडेम व सिम लगे होने के बाद भी अगर डाटा कम्युनिकेशन का अभाव है तो संबंधित सोलर वेंडर को नोटिस जारी किया जाए और कम्युनिकेशन फिर भी स्थापित न होने की अवस्था में वेंडर पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय में “कृत्रिम एवं वास्तविक बुद्धिमत्ता” पर राष्ट्रीय वेबिनार

दैनिक भेल पॉवर ■

मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय के कला संकाय एवं मानविकी विभाग द्वारा ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वास्तविक बुद्धिमत्ता के संदर्भ में एक अध्ययन'' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय विश्वविद्यालय, डॉ. भीमराव अंबेडकर, आगरा के डॉ. कृष्ण कुमार केशवानी ने अक के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। द्वितीय वक्ता कला संकाय अधिष्ठाता प्रो. विक्रांत शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न टूल्स, उनके उपयोग की उपयुक्त परिस्थितियों और सावधानियों पर विस्तृत जानकारी दी। तृतीय वक्ता पवन कुमार विश्वविद्यालय, शिवपुरी के डॉ. आशीष विश्वकर्मा ने अक और डक के तुलनात्मक अध्ययन पर विचार रखे।



चतुर्थ वक्ता, टढव भोपाल के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष अनिमेष दुबे ने सॉफ्टवेयर विकास में सावधान कोडिंग, मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के पहलुओं को पीपीटी के माध्यम से समझाया। विषय की प्रासंगिकता को देखते हुए विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, शोधार्थी और छात्र-छात्राओं सहित 360 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल डॉ. राजेश कुमार राय ने वक्ताओं के विचारों की सराहना करते हुए मशीनों पर कम और मानवीय बुद्धि पर अधिक भरोसा करने की सलाह दी। प्रो. चांसलर डॉ. अजीत सिंह पटेल ने कहा कि जब अक को मानव बुद्धि ने बनाया है तो यह मानव से श्रेष्ठ नहीं हो सकता, इसलिए आत्मविश्वास को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका, राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित एनएसएस राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह में संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस स्वयंसेविका कुमारी नेहा सिंह को वर्ष 2021-2022 में उत्कृष्ट सेवाओं एवं विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उच्च शिक्षा विभाग मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक (रासेयो), बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिवार में हर्ष एवं गर्व का माहौल रहा। यह राज्य स्तरीय पुरस्कार उन स्वयं सेवको को दिया जाता है जिन्होने समाज सेवा, सामुदायिक विकास, जन जागरूकता और राष्ट्र निमार्ण में असाधाराण योगदान दिया हो। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि कु. नेहा सिंह ने सेवा, अनुशासन और समर्पण की मिसाल पेश की है। उनका यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों का भी प्रतीक है। यह उपलब्धि हमारी सभी छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और हमें सेवा के पथ पर आगे बढ़ने का संबल देती है। महाविद्यालय परिवार ने कुमारी नेहा सिंह को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# जुआ खेलते 8 आरोपी गिरफ्तार, 15 हजा रुपए जब्त

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निदेर्शों के बाद भैरूंदा पुलिस ने जुएं के अड्डे पर छापा मारकर 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 15 हजार 700 नकद और 5 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत 2 लाख 65 हजार 700 है। पुलिस को सीहोर रोड स्थित ग्रीन गार्डन के सामने एक कॉम्प्लेक्स के अंदर गैरेज में जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन में भैरूंदा थाना प्रभारी ने एक टीम गठित कर बताई गई जगह पर दबिश दी। मौके पर 8 लोग ताश के पत्तों से हार.जीत का दांव लगाते हुए पाए गए, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी में ऋषभ बेरागी, विनोद राठौर, रामविलास पंवार, शाहरुख खान, कुमेर सिंह पंवार, लक्ष्मण यदुवंशी, आरिफ खान एवं सलमान शामिल हैं।

# महापौर श्रीमती मालती राय ने चित्र प्रदर्शनी एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**स्वतंत्रता संग्राम की वीरगाथा, विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय एम.एल.बी कॉलेज में आयोजित किया गया है दो दिवसीय कार्यक्रम**

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरगाथा, विभाजन विभिषिका, स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित चित्र प्रदर्शनी एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महापौर श्रीमती मालती राय ने बुधवार को महारानी लक्ष्मी बाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय स्वतंत्रता की वीरगाथा, विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी जन जागरूकता कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। केन्द्रीय संचार ब्यूरो भोपाल एवं शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगोष्ठि एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर महापौर परिषद की सदस्या श्रीमती सुषमा बाबीसा सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



# महापौर श्रीमती मालती राय ने दुगार्दास राठौर की जयन्ती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की



दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने दुगार्दास राठौर की जयन्ती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की। महापौर श्रीमती मालती राय ने बुधवार को दुगार्दास राठौर की 387 जन्मजयन्ती के अवसर पर 10 नंबर मार्केट अरेरा कालोनी स्थत उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य श्री मनोज राठौर, श्रीमती सुषमा बाबीसा, महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रविन्द्र यति, जोन अध्यक्ष श्री बाबूलाल यदव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाई दुगार्दास राठौर की 387वीं जयंती, निकाला चल समारोह



दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर की 387वीं जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई। इस मौके पर समाजजनों द्वारा चल समारोह भी निकाला गया। चल समारोह राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर पार्क गंज से सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10.30 बजे राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर धर्मशाला, गंज ध्वजारोहण और ध्वजवंदना के साथ हुई1 इसके बाद एक विशाल चल समारोह निकाला गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से निकला। चल समारोह का समापन दोपहर 3 बजे श्री रामजानकी मंदिर गंज में होगए जहां आरती और प्रसादी वितरण किया गया। चल समारोह में बड़ी संख्या में सर्वजन समाज के लोग शामिल हुए।

# महापौर श्रीमती मालती राय ने किया ''हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता'' अभियान का शुभारंभ

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर ''हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता'' के तहत महापौर श्रीमती मालती राय ने सामूहिक स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया और स्वयं भी सफाई कार्य हेतु श्रमदान कर अन्य नागरिकों को स्वच्छता हेतु प्रेरित भी किया। महापौर श्रीमती मालती राय ने बुधवार को ''हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता'' के तहत अरेरा कालोनी 10 नंबर मार्केट क्षेत्र में सामूहिक स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। महापौर श्रीमती राय ने इस दौरान स्थानीय नागरिकों एवं व्यवसायियों से चर्चा कर घर-घर तिरंगा लगाने व शहर की स्वच्छता हेतु निगम की स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय सहयोग देने व अन्य नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित करने का आव्हान किया। महापौर श्रीमती राय ने नागरिकों को स्वच्छता हेतु प्रेरित करने के दृष्टिगत स्वयं भी झाडू लगाई और कचरा उठाकर स्वच्छता हेतु श्रमदान भी किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य श्री आर.के.सिंह बघेल, सहायक आयुक्त श्रीमती कीर्ति चौहान, पार्षद श्रीमती शिखा गोहल सहित बड़ी संख्या में व्यवसायी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



# महर्षि सेंटर एजुकेशनल एक्सीलेंस (एमसीईई) द्वारा एक तिरंगा यात्रा

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** स्थित महर्षि सेंटर एजुकेशनल एक्सीलेंस (एमसीईई) द्वारा एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में महर्षि शैक्षणिक संस्थान समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी गिरीश जी, महर्षि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु प्रो. भुवनेश शर्मा, प्राचार्या श्रीमती रेखा निमकर, महर्षि विद्या मंदिर राष्ट्रीय कार्यालय के सभी निदेशक एवं सदस्य, महर्षि प्रबंधन संस्थान के प्राध्यापक, एमसीईई के शिक्षक एवं विद्यार्थी, तथा महामीडिया समूह के सदस्यों सहित महर्षि संगठन के 1000 से भी अधिक सदस्यों ने भाग लिया। यात्रा के समापन पर ब्रह्मचारी गिरीश जी ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि, भारत के प्रत्येक घर, प्रत्येक भवन पर घर-घर तिरंगा ध्वज लगाना एक बहुत ही उत्तम संकल्प है। यह हमारे प्रिय राष्ट्र - भारत के प्रति समर्पण और भक्ति की अभिव्यक्ति है। घर/भवन सीमेंट, गारे, ईंट, लकड़ी और स्टील से बनते हैं, यह सब जड़ के विषय हैं। एक विषय और अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसका हमारे लिए सर्वाधिक मूल्य है, वह है हमारा अपना मन, हमारी चेतना, हमारी आत्मा, जो सदैव जागृत रहती है। हमें ?हर मन तिरंगा? पर भी जोर देने की आवश्यकता है। चेतना में, आत्मा में गहराई में स्थापित तिरंगा सदैव स्थायी और अजेय रहेगा। प्रो. भुवनेश शर्मा ने स्मरण कराया कि भारतीयों का एक महान संकल्प है - हमें विश्व पर विजय प्राप्त करनी है, और यह केवल चेतना के स्तर पर ही संभव है, इसलिए हमें अपनी चेतना को जीवंत करना होगा।





# नरसिंहगढ़ शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस के द्वारा चुनाव आयोग के खिलाफ ज्ञापन सौंपा



दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहगढ़।** में कांग्रेस पार्टी के द्वारा चुनाव आयोग की धांधली और मनमानी वोट चोरी के खिलाफ एसडीओपी एवं थाना प्रभारी जी को महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा।और बताया कि 2023 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा में कैसे ह्वरेंर के नाम हटा कर। चुनाव आयोग ने वोट चोरी किया। जिसमें पूर्व विधायक गिरीश भंडारी, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव अभिनव पंचोली, किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव लखन बना,जिला उपाध्यक्ष मदरूप सिंह, गोविंद सिंह जी, प्रेम किशोर मीणा जी, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र गुर्जर जी, बोड़ा ब्लॉक लखन रुहेला जी,शहर अध्यक्ष गुडू भाई, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज महावार, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुरेश यादव, जनपद सदस्य मनोज सक्सेना, पार्षदगण दीपक शर्मा, संतोष सोनी, सद्दाम जी,गोपाल मालवीय,त्रिलोक महावार, एडवोकेट नरेन्द्र रुहेला जी नूर भाई आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति द्वय ट्रंप-पुतिन मुलाकात यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान पर चर्चा पर भारत की बल्ले बल्ल



2014 में क्रीमिया के रूस में विलय के बाद से पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंधों की बौछार की थी, और यूक्रेन युद्ध ने उस दरार को और गहरा कर दिया था। ऐसे में ट्रंप का पुतिन से मिलना यह संकेत देता है किअमेरिका संभवतःरूस के खिलाफ अपनी कठोर नीति मेंलचीलापन ला सकता है।

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में आज दो महा शक्तियों का नाम लिया जा रहा है,जो अमेरिका व रूस है। पूरी दुनियाँ में अनेक देशों के बीच अनबन व युद्ध का माहौल चल रहा है, तो दूसरी ओर अमेरिका के टैरिफ का आक्रोश भी छाया हुआ है। इस बीच एक तरह से विपरीत दिशाओं में एक दूसरे के कूटनीतिक विरोधी पूरक में खड़े दो महाशक्तियों की महामुलाकात एक टेबल पर बैठकर होना एक अचंभा व वैश्विक जीयो राजनीति के लिए भूचाल आने जैसा है। वैसे तो दोनों महाशक्तियाँ 15 अगस्त 2025 को यूक्रेन में युद्ध समाप्ति के मुद्दे पर बैठक कर रहीहै,परंतु मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि ट्रंप पुतिन के बीच अनऑफिशियली रूप से कुछ अन्य मुद्दों पर भी बात होने की संभावना है। एक तरफ से रूस से तेल खरीदने पर भारत पर अतिरिक्त 25 पर्सेंट टैरीफ तो दूसरी ओर नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कुछ भी कर गुजरने का जज्बा रंग ला सकता है। अगर यह बैठक सफल हो जाती है तो इससे भारत को दूरगामी फायदा होगा यानें रूस से तेल पर 25 परसेंट का अतिरिक्त रद्द होना, दोनों महाशक्तियों के बीच संयुक्त राष्ट्र में न्यूट्रल होने का फायदा ट्रंप द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने की संभावना से मुक्ति सहित अनेक फायदे होने की संभावना है भारत के लिए सबसे बड़ी प्रतिष्ठा तो यह होंगी कि यदि ट्रंप-पुतिन बातचीत सफल होगी, तो भारत के दोनों से अच्छे संबंध है, दोनों के बीच कड़ी बन सकता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप पुतिन वार्ता सफल होने से भारत एक परिपक्व को आत्मनिर्भर व रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने वाली वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा जो दोनों महाशक्तियों के बीच संभवतः संतुलन स्थापित करेगा।



साथियों बात अगर हम 15 अगस्त 2025 को ट्रंप-पुतिन की बैठक की सफलता पर भारत पर इसके सकारात्मक प्रभाव की करें तो,अमेरिका और रूस के बीच यह शिखर सम्मेलन वास्तव में 15 अगस्त 2025 को अलास्का में होने वाला एक द्विपक्षीय सम्मेलन है,जहाँ मुख्य विषय थमे हुए यूक्रेन-रूस संघर्ष को समाप्त करना है। इस बैठक की पुष्टि ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से की और रूस ने भी मस्को में अधिकारियों के माध्यम से सम्मेलन की पुष्टि की है। (1) वैश्विक तनावों में कमी और संवैधानिक चुप्पीः-यह बैठक, यदि सफल हुई, तो वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों में अलग ही कमी ला सकती है। यूक्रेन संकट के चलते रूस- पश्चिम में कायम तीव्र तनाव और उसके विस्तार से भारत की सुरक्षा और रणनीतिक स्थिति प्रभावित होती रही है। एक संभव रूप से स्थिर समझौता, संघर्ष की तीव्रता को कम कर सकता है, जिससे रूस पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों में ढील पाने की उम्मीद जगी है। इससे वैश्विक व्यापार व ऊर्जा बाजारों में स्थिरता आएगी, जिसका लाभ सोयल, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में अपनी बाजार स्थिति मजबूत करना चाहने वाले भारत को अप्रत्यक्ष रूप से मिलेगा। (2) ऊर्जा सुरक्षा और विदेश नीति का लाभः-यदि इस बैठक से रूस पर से कुछ प्रतिबंध हटाए गए या वैश्विक ऊर्जा बाजार में रूस का स्थान सुदृढ़ हुआ, तो भारत जैसी ऊर्जा-आयातक अर्थव्यवस्था को सस्ते और अधिक विश्वसनीय ऊर्जा स्त्रोतों तक पहुंच बढ़ सकती है। साथ ही, अमेरिका तथा रूस दोनों के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी मजबूत हो सकती है-यहां तक कि रूस से रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की भी संभावनाएं बन सकती हैं।(3) बहुपक्षीय मंचों पर भारत की भूमिकाः- अमेरिका और रूस के बीच समझौता होने पर भारत अपनी अपील और कूटनीतिक पहल को व्यापक रूप से उपयोग में ला सकता है। भारत पारंपरिक रूप से रूस और अमेरिका दोनों के साथ मजबूत संबंध रखना चाहता है—इस बैठक के सफल परिणामों से भारत को बढ़ी हुई कूटनीतिक संवाद क्षमता और मंच मिल सकता है, जहाँ वह दोनों महाशक्तियों के बीच पुल का काम करते हुए दक्षिण एशिया व वैश्विक सुरक्षा अस्मिताओं को संतुलित कर सकता है। (4) आर्थिक निवेश, प्रौद्योगिकी साझेदारी और परियोजनाएंः-यदि अमेरिका-रूस संबंध बेहतर हुए, तो यह वैश्विक आर्थिक माहौल को सकारात्मक रूप में प्रभावित करेगा, जिससे भारत को उच्च निवेश, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, उन्नत रक्षा साझेदारी और अरक्टिक क्षेत्र जैसे नये क्षेत्रों में अवसर मिल सकते हैं। रूस- अलास्का की निकटता और चर्चा में मौजूद आर्कटिकपरियोजनाओं में भारत की भू-रणनीतिक भागीदारी बढ़ सकती है।(5)भू-राजनीतिक संतुलन में बढ़तः-इस बैठक से यदि रूस और अमेरिका के बीच तनाव में कमी आती है और एक स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ता है, तो भारत एक बेहतर विश्व व्यवस्था में शांति और सहयोग को महत्व देने वाला खिलाड़ी बन सकता है। साथ ही, यूरोप में इस मुद्दे को लेकर यूरोपीय नेताओं की प्रतिक्रिया दशार्ती है कि यदि यूक्रेन को शामिल किये बिना फाइनल निर्णय लिए गए, तो रूस को एक तरह का लाभ मिल सकता है-भारत को इन सारे पहलुओं को भाँपकर अपने हितों के अनुरूप तटस्थ लेकिन सताक्षी शक्ति के रूप में उभरने का अवसर होगा।

साथियों बात अगर हम ट्रंप- पुतिन की 15 अगस्त 2025 की बैठक से भू-राजनीति में भूचाल का करण बनने की करें तो, 15 अगस्त 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली ऐतिहासिक बैठक ने वैश्विक कूटनीति में एक ऐसा मोड़ ला दिया है, जिसे दुनिया के कई हिस्सों में भू-राजनीतिक भूकंप कहा जा रहा है। यह बैठक सिर्फ अमेरिका- रूस संबंधों का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसके पीछे बहुपक्षीय शक्ति-संतुलन,ऊर्जा राजनीति, सैन्य गठबंधनों, आर्थिक टैरिफ युद्ध और एशिया-यूरोप में रणनीतिक समीकरणों के पुनर्गठन जैसे गहरे कारण छिपे हैं। जिस समय दुनियाँ पहले से ही अमेरिकाझचीन प्रतिद्वंद्विता, रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व में अस्थिरता और वैश्विक मंदी के खतरे से जूझ रही है, ऐसे में वॉशिंगटन और मॉस्को का सीधा संवाद पुराने प्रतिद्वंद्वियों के समीकरणों को बदल सकता है।(1) यह बैठक इसलिए चौंकाने वाली है क्योंकि अमेरिका और रूस पिछले एक दशक से खुले टकराव में रहे हैं। 2014 में क्रीमिया के रूस में विलय के बाद से पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंधों की बौछार की थी, और यूक्रेन युद्ध ने उस दरार को और गहरा कर दिया था। ऐसे में ट्रंप का पुतिन से मिलना यह संकेत देता है किअमेरिका संभवतःरूस के खिलाफ अपनी कठोर नीति मेंलचीलापन ला सकता है, या कम से कम एक वार्ता-आधारित रास्ता तलाशने को तैयार है। यह बदलाव न केवल नाटो जैसे सैन्य गठबंधन के लिए चुनौती है, बल्कि यूरोप के सुरक्षा ढांचे को भी अस्थिर कर सकता है, क्योंकि वहां अमेरिका की सख्ती पर भरोसा किया जाता रहा है।(2) दूसरा बड़ा कारण ऊर्जा राजनीति है। रूस दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस आपूर्तिकर्ता और तेल निर्यातक है, जबकि अमेरिका ऊर्जा निर्यात में तेजी से उभर रहा है। दोनों देशों के बीच संभावित ऊर्जा सहयोग या सौदे का असर सीधा यूरोप, एशिया और मध्य पूर्व पर पड़ेगा। यूरोप लंबे समय से रूसी गैस पर निर्भर है, लेकिन अमेरिका उसे एलएनजी के जरिए विकल्प देने की कोशिश कर रहा है। अगर ट्रंप और पुतिन ऊर्जा बाजार में कोई समझौता करते हैं, तो यह ओपेक+ देशों, यूरोपीय ऊर्जा सुरक्षा और यहां तक कि भारत-चीन जैसे बड़े उपभोक्ताओं के लिए भी नई रणनीतियां तय करेगा। (3) तीस रापहलू है चीन का समीकरण। रूसः-चीन नजदीकी हाल के वर्षों में अमेरिका की सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती बन चुकी है। अगर ट्रंपझपुतिन बैठक में रूस को चीन से दूरी बनाने के लिए आर्थिक, सैन्य या राजनीतिक प्रलोभन दिए जाते हैं, तो यह बीजिंग के लिए सीधा झटका होगा। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव और एशिया-यूरोप व्यापार मार्गों में रूस एक महत्वपूर्ण भौगोलिक और सामरिक भूमिका निभाता है। अगर यह धुरी टूटती है, तो एशिया में शक्ति संतुलन बदल जाएगा और भारत जैसे देशों को भी नई कूटनीतिक संभावनाएं मिलेंगी। (4) चौथा कारण है वैश्विक सैन्य संतुलन। अमेरिका और रूस दुनिया के सबसे बड़े परमाणु हथियार भंडार रखते हैं। पिछले कुछ वर्षों में न्यू स्टार्ट जैसे हथियार नियंत्रण समझौते खतरे में थे, लेकिन अगर 15 अगस्त की बैठक में इन पर सहमति बनती है या नए रक्षा संवाद की शुरूआत होती है, तो यह एशिया- प्रशांत और यूरोप दोनों में तनाव कम कर सकता है। इसके विपरीत, अगर वार्ता असफल होती है, तो नए हथियारों की होड़ शुरू हो सकती है, जिससे मध्य पूर्व, कोरियाई प्रायद्वीप और आर्कटिक क्षेत्र में भी सैन्य दबाव बढ़ेगा। पहलू आर्थिक टैरिफ और प्रतिबंध राजनीति से जुड़ा है। ट्रंप पहले भी चीन और यूरोपीय संघ पर भारी टैरिफ लगा चुके हैं, और रूस पर अमेरिका के प्रतिबंध पश्चिमी नीतियों का अहम हिस्सा रहे हैं। अगर पुतिन के साथ बैठक के बाद ट्रंप रूस पर लगे कुछ प्रतिबंध हटाते हैं, तो यह यूरोप के लिए बड़ा झटका होगा, क्योंकि उसकी एकजुटता अमेरिकी दबाव पर टिकी रही है। साथ ही, यह कदम भारत और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं को रूस के साथ व्यापार बढ़ाने का अवसर देगा, जिससे डॉलर- आधारित व्यापार प्रणाली को चुनौती मिल सकती है।(6)छठा कारण है मध्य पूर्व और अफ्रीका में प्रभाव का टकराव। रूस सीरिया, लीबिया और सूडान जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है, जबकि अमेरिका लंबे समय से वहां अपनी मौजूदगी बनाए हुए है। अगर दोनों देशों के बीच इन क्षेत्रों में प्रभाव-क्षेत्र बांटने की अनौपचारिक सहमति बनती है।

# अखंड भारत दिवसः 14 अगस्त का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक

डॉ. भूपेन्द्र कुमार सुल्लेरे

**14 अगस्त का द्वैध अर्थः घाव और संकल्प-** 14 अगस्त 1947 की रात, जब भारत का विभाजन हुआ, तो एक ओर स्वतंत्रता का स्वप्न साकार हुआ, वहीं दूसरी ओर करोड़ों हृदय बिखर गए। घावः पंजाब, बंगाल, सिंध, बलूचिस्तान और उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत में हिंसा, लूटपाट और सामूहिक पलायन। संकल्पः सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से एक बार पुनः भारत को उसके मूल स्वरूप में लाने का। यह वही दिन है जब पाकिस्तान ने अस्तित्व ग्रहण किया। संघ के लिए यह दिन केवल दुख का स्मरण नहीं, बल्कि अखंड भारत के संकल्प को सुदृढ़ करने का अवसर है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दृष्टि संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 1930 के दशक में ही कहा था– भारत का स्वरूप भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक है। इसे तोड़ा नहीं जा सकता। संघ के सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) ने विभाजन के तुरंत बाद स्पष्ट कहा आज जो विभाजन हुआ है, वह स्थायी नहीं। समय आने पर यह पुनः जुड़ेगा, क्योंकि यह राष्ट्र एक ही आत्मा का अवतार है। विभाजनः कारण और परिणाम कारणः मुस्लिम लीग की अलगाववादी राजनीति। 1946 का प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस (Direct Action Day) और दंगे। परिणामः लगभग 1.4 करोड़ लोगों का विस्थापन। 10 लाख से अधिक मौतें। सिंध, लाहौर, ढाका, कराची जैसी सांस्कृतिक-शैक्षिक नगरी भारत से अलग हो गईं। अखंड भारत दिवसः संघ की पहल संघ ने 1950 के दशक से 14 अगस्त को अखंड भारत दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। गतिविधियांः शाखाओं में




अखंड भारत का ऐतिहासिक मानचित्र (जिसमें पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका आदि शामिल हों) लगाया जाता है। स्वयंसेवक प्राचीन भारत की सांस्कृतिक सीमाओं और गौरवगाथाओं का वाचन करते हैं। अखंड भारत के लिए बलिदान देने वाले वीरों (गुरु तेग बहादुर, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, नेताजी सुभाष आदि) का स्मरण। ऐतिहासिक उदाहरण 1965 का भारत-पाक युद्धः संघ ने 14 अगस्त को अखंड भारत का संकल्प दिवस बनाकर सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए सहयोग अभियान चलाया। 1971 का बांग्लादेश मुक्ति संग्रामः संघ शाखाओं में बांग्लादेश को भारत का सांस्कृतिक अंग बताकर शरणार्थियों की मदद की गई। 1992: अयोध्या आंदोलन के समय अखंड भारत का विचार जन-जन में व्यापक हुआ। 2019: अनुच्छेद 370 हटने पर संघ ने इसे अखंड भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदमर कहा।

अखंड भारत की अवधारणा फरर की दृष्टि में अखंड भारत में केवल वर्तमान भारत नहीं, बल्कि प्राचीन भारत के ये भाग भी शामिल हैंः उत्तर-पश्चिमः अफगानिस्तान (गंधार), पाकिस्तान (सिंध-पंजाब), बलूचिस्तान। पूर्वः बांग्लादेश, म्यांमार। दक्षिणः श्रीलंका, मालदीव। उत्तरः नेपाल, भूटान, तिब्बत। ये सभी भौगोलिक इकाइयां वेद-पुराण, महाकाव्यों और ऐतिहासिक यात्रा-पथों से भारत की सांस्कृतिक चेतना में रची-बसी हैं। वर्तमान संदर्भ 2025 में जब वैश्विक परिदृश्य एशिया की ओर केंद्रित है, तब भारत की सुरक्षा और सांस्कृतिक एकता का प्रश्न और प्रासंगिक हो गया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार। अफगानिस्तान में तालिबान की पुनः सत्ता और हिंदू-बौद्ध धरोहरों का विनाश। श्रीलंका, नेपाल और भूटान में बढ़ती चीनी दखलंदाजी। इन परिस्थितियों में संघ का संदेश है– अखंड भारत केवल स्मृति नहीं, बल्कि भारत की स्थायी सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की आवश्यकता है। संकल्प का दिवस 14 अगस्त हमें तीन बातें याद दिलाता है– 1. विभाजन के घाव को भूलना नहीं। 2. सांस्कृतिक एकता की शक्ति में विश्वास रखना। 3. अखंड भारत के लक्ष्य के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी कार्य करते रहना। यह दिन शोक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण और अखंड राष्ट्र की दिशा में शपथ लेने का अवसर है।

## संपादकीय

# शिक्षा-चिकित्सा को मुनाफाखोरी से बचाने का भागवत-आह्वान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इंदौर के एक किफायती कैंसर अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर जो बात कही, वह आज की सबसे बड़ी सामाजिक-आर्थिक और नैतिक आवश्यकता को उजागर करती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों को मुनाफाखोरी से मुक्त होना चाहिए, क्योंकि ये सेवा के क्षेत्र हैं, व्यापार के नहीं। हाल के वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा का जिस तेजी से बाजारीकरण एवं व्यावसायीकरण हुआ है, सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र ने इसे धन कमाने का जरिया बनाया है, वह न केवल नये समाज निर्माण की चिन्ताओं बल्कि एक दूषित सोच को दशार्ता है। क्योंकि उसने आम आदमी को बदहाली के कगार पर पहुंचाया है। महंगी शिक्षा ने जहां अभिभावकों का बजट हिला दिया है, वहीं चिकित्सा के नाम पर मुनाफाखोरी ने लाखों परिवारों को गरीबी के दलदल में धकेलते हुए जरूरी चिकित्सा से वंचित किया है। इस मर्ज की रग पर हाथ रखते हुए भागवत द्वारा दी गई चेतावनी सत्ताधीशों की आंख खोलने वाली है। भारत में स्वास्थ्य-शिक्षा को प्रारंभ से ही सामाजिक दायित्व मानने की परंपरा रही है। लेकिन दुर्भाग्य से आज स्कूल-कॉलेज और अस्पताल लाभ संचालित उपक्रमों में तब्दील हो गए हैं और सेवा की बजाय धन कमाने के अड्डे बन गये हैं। आज निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकारों की मानसिकता भी धन-केन्द्रित होती जा रही है, जिससे आमजन को सस्ते एवं किफायती शिक्षा एवं चिकित्सा के साधन-सुविधाएं सुलभ नहीं हो रही है। मुनाफाखोरी की अंतहीन लिप्सा ने कथित गुणवत्ता वाले स्कूलों व अस्पतालों को आम आदमी की पहुंच से दूर किया है। इन जटिल होती स्थितियों के बीच भागवत का यह बयान केवल एक सामान्य टिप्पणी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है- सरकार, नीति-निमार्ताओं और समाज के लिए। शिक्षा और स्वास्थ्य, दोनों ही मानव जीवन के मूलभूत स्तंभ हैं। लेकिन आज इन दोनों क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती व्यावसायिक प्रवृत्तियां इन्हें सेवा के बजाय मुनाफे की मशीन बना रही हैं। निजी स्कूलों की भारी फीस, कोचिंग संस्थानों की प्रतिस्पर्धा और महंगे मेडिकल कॉलेजों की ट्यूशन-इन सबने शिक्षा को गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर कर दिया है। इसी तरह, अस्पतालों और दवा कंपनियों का अत्यधिक मुनाफा-उन्मुख मॉडल स्वास्थ्य को एक महंगे उत्पाद में बदल रहा है। निस्संदेह, मोहन भागवत की यह चिंता हमारे समय की विसंगतियों एवं विकृत आर्थिक सोच पर तीखा प्रहार करती है। आज आम भारतीय परिवारों पर स्वास्थ्य सेवाओं का भारी वित्तीय बोझ बढ़ रहा है। विडंबना यह है कि इस खर्च का छोटा हिस्सा ही सरकारी खजाने से वहन किया जाता है, जो कि स्वास्थ्य खर्च का महज 17 फीसदी है। वहीं करीब 82 फीसदी स्वास्थ्य खर्च लोगों को मुश्किल हालात में वहन करना पड़ता है। इन स्थितियों के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद कई परिवार जीवन भर के लिये कर्ज में डूब जाते हैं। तो कई परिवार हमेशा के लिये गरीबी की दलदल में धंस जाते हैं। आज देश की बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों, मसलन हृदय रोग, मधुमेह व उच्च रक्तचाप आदि से जूझ रही है। इनकी जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार के लिये मरीजों को एक बड़ी रकम चुकाने को मजबूर होना पड़ता है। जो कि बीमा योजनाओं के द्वारा बमुश्किल ही पूरी की जाती है।

## (आस्था)

### प्रेमानंद महाराज ने बताया जन्माष्टमी पर ऐसे करें लड्डू गोपाल की पूजा, भगवान कृष्ण होंगे प्रसन्न, हर मनोकामना होगी पूरी, करियर और कारोबार भी चमकेगा...

प्रेमानंद महाराज आज कल सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। साथ ही उनके वीडियो फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खूब वायरल हो रहे हैं। जिसमें वह भक्तों के प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं। साथ ही भगवत प्राप्ति का मार्ग बता रहे हैं। वहीं आपको बता दें कि प्रेमानंद महाराज वृंदावन के केलीकुंज नाम के स्थान पर रहते हैं। साथ ही रोज सत्संग करते हैं, जिसमें वह राधा नाम का संकीर्तन करते हैं। महाराज जी राधा रानी को अपना इष्ट मानते हैं। महाराज जी से मिलने कई विभिन्न क्षेत्रों की कई बड़ी हस्तियां मिल चुकी हैं, जिसमें अभिनेत्री अनुष्का शर्मा, क्रिकेटर विराट कोहली और यूपी के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का नाम शामिल है। 30 साल बाद जन्माष्टमी पर शनि और राहु-केतु बना रहे दुर्लभ संयोग, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, करियर में तरक्की के साथ अपार धनलाभ के योग वहीं कुछ दिन पहले महाराज जी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जहां एक भक्त उनसे पूछ रहा है कि लड्डू गोपाल की पूजा-सेवा कैसे करनी चाहिए, जिस पर प्रेमानंद महाराज कह रहे हैं कि लड्डू गोपाल जी की पूजा करते समय समय हमको पुत्र के साथ परमात्मा का भी भाव रखना चाहिए, क्योंकि भगवान कृष्ण अखंड ब्रह्मांड के स्वामी हैं। इसलिए लड्डू गोपाल जी को साथ लेकर नहीं घूमना चाहिए। वो आपके भाव के लिए लाला हैं। लेकिन वह जगत के स्वामी हैं। इसलिए शास्त्र के खिलाफ जो लोग आचरण करते हैं उनको भगवान कभी प्राप्त नहीं होते हैं। भगवान कृष्ण की लीला पर आधारित हैं ये फिल्में और टीवी शोज बाबर को पीछे छोड़ा, मार्च के बाद कोई वनडे नहीं खेला फिर भी रैंकिंग में नंबर 2 आए हिटमैन रोहित शर्मा; ये है कारण पाकिस्तान की शर्मनाक हार, रिजवान समेत 5 बल्लेबाज नहीं खोल पाए खाता; वेस्टइंडीज ने खत्म किया 34 साल का सूखा सितंबर से पलट सकती है इन राशियों की किस्मत, 3 बार मंगल की चाल में होगा बदलाव, धन- संपत्ति में अपार बढ़ोतरी के योग वहीं जन्माष्टमी के दिन अपने घर के मंदिर को फूलों से सजाना चाहिए। साथ ही प्रभु की कथा करनी चाहिए। साथ ही नाम कीर्तन करना चाहिए। वहीं प्रेमानंद महाराज ने कहा कि जन्माष्टमी पर केक नहीं काटना चाहिए। क्योंकि केक में बहुत ही अशुद्धियां रहती हैं। इसलिए केक नहीं काटना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ।**
मेषः आप भावनात्मक तौर पर बहुत संवेदनशील हैं, इसलिए ऐसे हालात से बचें जो आपको चोट पहुँचा सकते हों। हालाँकि आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन पैसे का लगातार पानी की तरह बहते जाना आपकी योजनाओं में रुकावट पैदा कर सकता है। घरेलू मामलों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। अपने दोस्त से बहुत लम्बे समय बाद मिलने का खयाल आपके दिल की धड़कन को बढ़ा सकता है। किसी के साथ नयी परियोजना या भागीदारी वाले व्यवसाय को शुरू करने से बचें। दूसरों की राय को गौर से सुनें- अगर आप आज वाकई फायदा चाहते हैं तो।

**वृषभ : उ, ई, ए, ओ, बा, बी, बे, बो।**
वृषभः सेहत अच्छी रहेगी। आकस्मिक मुनाफे या सट्टेबाजी के जरिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। बच्चे भले ही आपका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करना चाहते हों, लेकिन साथ ही खुशियों की वजह भी साबित होते हैं। एक बार आप अपने हमकदम को हासिल कर लें, तो ज़िन्दगी में किसी और की जरूरत नहीं होती। इस बात को आज आप गहराई से महसूस करेंगे। साझीदारी के लिए अच्छे मौके हैं, लेकिन भली-भांति सोचकर ही कदम बढ़ाएँ। चीजों और लोगों को तेजी-से परखने की क्षमता आपको दूसरों से आगे बनाए रखेगी।

**मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा।**
मिथुनः रचनात्मक शौक आज आपको सुकून का एहसास कराएंगे। पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है और आप किसी बड़ी मुश्किल से निकल सकते हैं। कोई पुराना दोस्त शाम के समय फोन कर पुरानी यादें ताजा कर सकता है। आप अनुभव करेंगे कि आपके प्रिय का आपके प्रति प्यार वाकई बहुत गहरा है। कार्यक्षेत्र में हालात आपके पक्ष में रुख करते मालूम होंगे। दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो।**
कर्कः आज का दिन मौज-मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा- क्योंकि आप जिन्दगी को पूरी तरह जिएंगे। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता दें। इस बारे में बिना देर किए बातचीत करें, क्योंकि एक बार इस समस्या के हल हो जाने पर घर में जीवन बहुत आसान हो जाएगा और परिवार के लोगों को प्रभावित करने में आपको कोई कठिनाई नहीं आएगी। जो लोग प्रेम के संगीत में डूबे हुए हैं, वही इसकी स्वर-लहरियों का आनन्द ले सकते हैं। आज के दिन आप भी उस संगीत को सुन सकेंगे।

**सिंहः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे।**
सिंहः जीवन-साथी खुशी की वजह साबित होगा। आपका कोई दोस्त आपसे आज बड़ी रकम उधार मांग सकता है, अगर आप उनको यह रकम देते हैं तो आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं। नए पारिवारिक व्यवसाय को शुरू करने के लिए शुभ दिन है। इसे सफल बनाने के लिए दूसरे सदस्यों की भी मदद लें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी। कामकाज के सिलसिले में आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है। लोगों के साथ बात करने में आज आप अपना बहुमूल्य समय बर्बाद कर सकते हैं। आपको ऐसा करने से बचना चाहिए।

**कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**
कन्याः आपकी उम्मीद एक महक से भरे हुए खूबसूरत फूल की तरह खिलेगी। आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियों को न भूलें। अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। आपके द्वारा आज खाली समय में ऐसे काम किये जाएंगे जिनके बारे में आप अक्सर सोचा करते हैं लेकिन उन कामों को कर पाने में समर्थ नहीं हो पाते।

**तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते।**
तुलाः जो समस्याएँ आपको परेशान कर रही हैं, उन्हें हल करने के लिए होशियारी, चतुरता और कूटनीति के दाव-पेंचों की जरूरत है। आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुकून भरे और शांत दिन का लुत्फ लें। अगर लोग परेशानियों के साथ आपके पास आएँ तो उन्हें नजरअंदाज करें और उन्हें अपनी मानसिक शांति भंग न करने दें। रोमांस आपके दिल पर काबिज है। दिवास्वप्नों में समय खपाना नुकसानदेह रहेगा।

**वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।**
वृश्चिकः आपकी शाम कई जज्बातों से घिरी रहेगी और इसलिए तनाव भी दे सकती है। लेकिन ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आपकी खुशी आपकी निराशाओं के मुकाबले आपको ज्यादा आनंद देगी। यह बात भली भांति समझ लें कि दुख की घड़ी में आपका संचित धन ही आपके काम आएगा इसलिए आज के दिन अपने धन का संचय करने का विचार बनाएं। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता दें। इस बारे में बिना देर किए बातचीत करें, क्योंकि एक बार इस समस्या के हल हो जाने पर घर में जीवन बहुत आसान हो जाएगा और परिवार के लोगों को प्रभावित करने में आपको कोई कठिनाई नहीं आएगी।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे।**
धनुः खाते-पीते वक़्त सावधान रहें। लापरवाही बीमारी की वजह बन सकती है। आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. पारिवारिक उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी, जो आपको मानसिक तनाव दे सकती है। यात्रा के चलते रुमानी संबंध को बढ़ावा मिलेगा। किसी लघु या मध्यावधि पाठ्यक्रम में दाखिला लेकर अपनी तकनीकी क्षमताओं में निखार लाएँ। आज आप कोई नई पुस्तक खरीदकर किसी कमरे में खुद को बंद करके पूरा दिन गुजार सकते हैं।

**मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी।**
मकरः खुशनुमा जिन्दगी के लिए अपना जिद्दी और अड़ियल रवैया दरकिनार करें, क्योंकि इससे सिर्फ समय की बबार्दी ही होती है। आज आपको बेवजह पैसा खर्च करने से खुद को रोकना चाहिए नहीं तो जरुरत के समय आपके पास पैसे की कमी हो सकती है। आपका मजाकिया स्वभाव सामाजिक मेल-जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इजाफा करेगा। किसी की प्यार में कामयाबी मिलने की कल्पना को सच कराने में मदद करें। आपकी अन्दरूनी ताकत कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगी।

**कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा।**
कुंभः आपको लंबे समय से महसूस हो रही थकान और तनाव से आराम मिलेगा। इन परेशानियों से स्थायी निजात पाने के लिए जीवन-शैली में बदलाव लाने का सही समय है। आज किसी करीबी से आपका झगड़ा हो सकता है और बात कोर्ट कचहरी तक जा सकती है। जिसकी वजह से आपका अच्छा खास धन खर्च हो सकता है। अपने दोस्तों को अपने उदार स्वभाव का गलत फायदा न उठाने दें। दोस्ती में प्रगाढ़ता के चलते रोमांस का फूल खिल सकता है। यह वह दिन है जब आपको अपनी अहम योजनाओं पर रोशनी डालने के लिए खास और बड़े लोगों से मिलना चाहिए।

**मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची।**
मीनः आप भावनात्मक तौर पर बहुत संवेदनशील हैं, इसलिए ऐसे हालात से बचें जो आपको चोट पहुँचा सकते हों। हालाँकि आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन पैसे का लगातार पानी की तरह बहते जाना आपकी योजनाओं में रुकावट पैदा कर सकता है। घरेलू मामलों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। अपने दोस्त से बहुत लम्बे समय बाद मिलने का खयाल आपके दिल की धड़कन को बढ़ा सकता है। किसी के साथ नयी परियोजना या भागीदारी वाले व्यवसाय को शुरू करने से बचें। दूसरों की राय को गौर से सुनें- अगर आप आज वाकई फायदा चाहते हैं तो।

# परम सुंदरी' के प्रमोशन पर साउथ इंडियन लूक में दिखीं जाह्नवी कपूर



जाह्नवी कपूर ने एक बार फिर अपने साउथ इंडियन लुक से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत अंदाज में पैप्स को पोज देती हुई नजर आई.एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'परम सुंदरी' का जमकर प्रमोशन कर रही हैं. प्रमोशन इवेंट्स में जाह्नवी के एक से बढ़कर एक लुक देखने को मिल रहे हैं. हाल ही में वो साउथ इंडियन लुक में नजर आई. जाह्नवी कपूर को सोमवार के दिन पैपराजी ने एक शूटिंग पर स्पॉट किया. जहां वो अपनी फिल्म 'परम सुंदरी' का प्रमोशन करने पहुंची. इस दौरान जाह्नवी कपूर साउथ इंडियन लुक में दिखी. उनका ये अवतार देख हर कोई एक्ट्रेस पर दिल हार बैठा है. जाह्नवी कपूर ने लाइट गोल्डन कलर का लहंगा पहना हुआ है. इस लुक को उन्होंने ग्लोसी मेकअर, माथे पर बिंदी और बालों में गजरा लगाकर पूरा किया. एक्ट्रेस ने लहंगे के साथ बैकलेस ब्लाउज पहना था. जिसपर डोरी और मोतियों से खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है.जाह्नवी ने लहंगे के साथ मैचिंग ज्वेलरी भी पहनी है. जो उनके लुक में चार चांद लगा रही हैं. एक्ट्रेस ने पैप्स को शूट से पहले कई पोज दिए. बता दें कि इससे पहले जाह्नवी कपूर अपने को एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ कपिल शर्मा के शो पर पहुंची थी.बात करें सिद्धार्थ और जाह्नवी की फिल्म 'परम सुंदरी' की तो ये बहुत जल्द ही थिएटर्स में दस्तक देने वाली है।



# हिना खान ने रॉकी के लिए लिखा खूबसूरत पोस्ट

हिना खान ने अपने पति रॉकी जायसवाल के लिए एक बेहद खूबसूरत नोट लिखा है. उन्होंने लिखा है कि वो अपने पति के लिए अपनी मौजूदगी से स्ट्रेंथ देती हैं. टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हिना खान जो घर घर अक्षरा नाम से फेमस हैं, ने एक बार फिर अपने स्टाइल और दिल छू लेने वाले शब्दों से फैन्स का दिल जीत लिया.हाल ही में हिना ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की, जिसमें वो एक येलो ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं.इन तस्वीरों के साथ हिना ने पति रॉकी जैसवाल के लिए एक प्यारा सा कैप्शन लिखा ङ्क मैं उसके क्लोरोफिल के लिए सूरज की रोशनी हूं.हिना और रॉकी टीवी इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं. यह कपल फिलहाल रियल्टी शो पति, पत्नी और पंगा मे नजर आ रहें है और उनकी जोड़ी को फैन काफी पसंद कर रहे है.दोनों की केमिस्ट्री और एक-दूसरे के लिए प्यार अक्सर उनकी पोस्ट्स में साफ झलकता है. कभी रेड कार्पेट, कभी वेकेशन, हर जगह ये कपल रिलेशनशिप गोल्स सेट कर देता है।अपनी पोस्ट में हिना ने रॉकी के लिए लिखा - मैं उसके क्लोरोफिल के लिए सूरज की रोशनी हूं, इसका मतलब है कि हिना की प्रेज़न्स रॉकी को खुश और स्ट्रांग बनाती है.येलो रंग की इन नई फोटो के साथ हिना के रोमांटिक पोस्ट दिखाते हैं कि इस कपल का प्यार और साथ कितना खूबसूरत है।

# सलमान-आमिर की बड़ी तैयारी अक्षय-अजय की पत्नी संग मचाएंगे धमाल

शाहरुख, सलमान और आमिर खान को एक साथ देखने का फैन्स को इंतजार रहता है. यूं तो फिल्में नहीं, पर कई ऐसे मौके हैं, जब तीनों साथ दिखे. आखिर बार आमिर खान के जन्मदिन पर तीनों को देखा गया था. अपनी अपकमिंग फिल्मों को लेकर बिजी चल रहे सलमान खान और आमिर बड़ा धमाल मचाने की तैयारी कर रहे हैं. यही वजह है कि दोनों साथ में शूट करने पहुंचे हुए थे. जहां एक ओर सलमान खान फौजी फिल्म पर बिजी हैं, तो दूसरी ओर आमिर भी 'कुली' में कैमियो कर रहे हैं. तो फिर किस चीज का शूट किया गया. अक्षय-आमिर खान की पत्नी के साथ क्या प्लानिंग चल रही है.

अजय देवगन और अक्षय कुमार अपनी फिल्मों से पहले ही भौकाल काटे हुए हैं. पर अब उनसे बड़ा धमाका उनकी पत्नियां करने वाली हैं. दरअसल कुछ वक्त पहले जानकारी मिली थी कि काजोल और ट्विंकल एक साथ आ रही हैं. दोनों एक नया टॉक शो होस्ट करेंगी, जो प्राइम वीडियो पर आएगा. पर उसकी तैयारी शुरू हो चुकी है. जिसके लिए सलमान और आमिर खान भी पहुंचे.

हाल ही में फिल्मफेयर पर एक रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि सलमान खान और आमिर खान एक साथ सेट पर पहुंचे. जहां उन्होंने काजोल और ट्विंकल के अपकमिंग टॉक शो झ2श स्र्वष्द्ध 2द्बह्लद्ध चड्डद्रश्द्य ड्डह्वस्र झ2द्बठ्ठद्मद्यद्द के लिए शूट किया. दोनों इस शो में दिखाई देंगे, जिसके एक एपिसोड का शूट हुआ है. अब क्योंकि सामने दो बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं, तो कई नए और पुराने राज खुलेंगे. कई अनुसने किस्से बाहर आएंगे. जो हमेशा से ही लोगों के लिए एक्साइटिंग होते हैं. इस टॉक शो में और भी एक्टर्स दिखाई देंगे, जो जोड़ियों में हिस्सा लेंगे.

जैसे ही सलमान खान और आमिर के शूट की जानकारी सामने आई, तो उधर लोगों ने बड़ी डिमांड कर दी. लोगों का कहना है कि एक एपिसोड में अक्षय कुमार और अजय देवगन को भी बुलाओ. क्योंकि होस्ट दोनों की पत्नियां हैं, तो एपिसोड मजेदार होगा. वहीं दो खान्स का नाम सुनकर लोगों ने शाहरुख को भी बुलाने की डिमांड की है।



### कहां देख सकते हैं ये शो?

टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकेंगे. जिसका 22 जुलाई को एक पोस्टर के साथ ऐलान किया गया था. फिलहाल शो का पहला एपिसोड कब आएगा, इसकी जानकारी नहीं दी गई है. हालांकि, दोनों ही एक्ट्रेस अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं. जो बेहद मजेदार होने वाला है. वहीं, कई बड़े सितारों की अनफ़िल्टर्ड चैट के साथ जल्द इसका प्रीमियर किया जाएगा।



# जैस्मिन ने की कास्टिंग काउच पर बड़ा खुलासा

*टेलीविजन की दुनिया में काफी पॉपुलर हुई एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। अक्सर ही एक्ट्रेस किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में जैस्मिन भसीन ने कास्टिंग काउच को लेकर एक खुलासा किया है। टीवी और बॉलीवुड में पहचान बनाने के लिए एक्ट्रेसेस को काफी उतार चढ़ाव से गुजरना पड़ता है। स्ट्रगल के दौर में कई बार वो कास्टिंग काउच का भी शिकार होती हैं। इसपर कई पॉपुलर अभिनेत्रियों ने खुलकर बात भी की है। अब कई सालों बाद जैस्मिन भसीन खुलासा किया है कि वो भी अपने करियर में कास्टिंग काउच का शिकार बन चुकी हैं। जैस्मिन आज के समय में टीवी की टॉप पर्सनैलिटी में से एक हैं।*

दरअसल, कास्टिंग काउच का शिकार भी बनीं जिसका जिक्र उन्होंने हाल ही में अपने इंटरव्यू में किया। उन्होंने उस बुरे दौर को याद किया, जब वो खुद इसका शिकार हुई थीं। उन्होंने बताया कि कैसे होटल के कमरे में उन्हें लॉक कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने एक बड़ा फैसला लिया था। पढ़ें रिपोर्ट। जैस्मीन भसीन ने 'हिमांशु मेहता शो' में कास्टिंग काउच पर खुलासा किया। उन्होंने कहा, 'मैं मीटिंग के लिए गई थी। सबसे पहले तो मैं एक आदमी को ड्रिंक करते और ऑडिशन के लिए कहते हुए देखकर डर गई। यहां तक कि कोऑर्डिनेटर भी कमरे से बाहर चला गया। तो पहले तो मैं डर गई। उसके बाद उसने मुझसे कहा- 'तुम्हें ये सीन करना होगा।' मैंने कहा- सर, ठीक है, मैं सीन तैयार कर दूंगी और कल आऊंगी।' तो उसने बोला- 'नहीं नहीं, तुम्हें अभी करना होगा'। तो मैंने कर दिया।'

### जैस्मिन भसीन का दर्दनाक अनुभव

इसके बाद जैस्मीन भसीन ने आगे जो कहा, उसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे। उन्होंने कहा, 'उसने मुझसे कहा- नहीं ऐसे नहीं।' मेरा मतलब है, वो मुझे खड़े होने के लिए कह रहा था औरज् उसने मुझे एक सीन बताया।

उदाहरण के लिए- तुम्हारा बॉयफ्रेंड जा रहा है, तुम्हें उसे रोकना होगा।' तो मैंने वैसा ही किया। उसने कहा- नहीं, ऐसे नहीं। तुम्हेंज् उसने मुझे बंद कर दिया और कुछ और करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन फिर मैंने अपनी स्किल का इस्तेमाल किया और मैं वहां से भाग गई।

### यंग एक्टर्स को जैस्मिन भसीन ने दी सलाह

जैस्मिन ने खासतौर पर उन यंग एक्टर्स को सलाह दी जो इंडस्ट्री में करियर शुरू करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, फ्रकिसी भी कास्टिंग कॉल को लेकर सतर्क रहना बहुत जरूरी है, जो लोग कास्टिंग कॉल कर रहे हैं, वे असल में कास्टिंग नहीं कर रहे हैं, वे कास्टिंग डायरेक्टर नहीं हैं, वे कुछ बेकार लोग हैं, जो बस अपने फायदे के लिए ऐसा कर रहे है। क्योंकि ऑडिशन एक कानूनी प्रक्रिया है, लेकिन मैं सभी को बताना चाहती हूं कि कानूनी कास्टिंग कॉल को समझना बहुत जरूरी है, क्योंकि आपको समझना होगा।

### इन शो में नजर आई जैस्मिन भसीन

दरअसल, जैस्मिन 'बिग बॉस', 'द ट्रेटर्स' जैसे बड़े-बड़े रियलिटी शोज का हिस्सा रह चुकी हैं, वो करीब एक दशक से भी ज्यादा समय से इंडस्ट्री में मौजूद हैं और लगातार अच्छा काम कर रही हैं। मगर एक्ट्रेस ने भी अपने करियर को बड़ा बनाने में परेशानियां झेली है, वो इस बीच कास्टिंग काउच का शिकार भी बनीं जिसका जिक्र उन्होंने हाल ही में अपने इंटरव्यू में किया। जैस्मिन फिलहाल एक्टर अली गोनी के साथ रिलेशनशिप में हैं। दोनों की जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर उनकी शादी को लेकर चर्चाएं होती रहती हैं।

# अपनी बेस्टफ्रेंड को धोखा देना चाहती थीं सारा, इस वजह से हो गई थीं नाकाम

सारा अली खान फिल्मों के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को भी लेकर सुर्खियां बटोरती रहती हैं. कुछ वक्त पहले एक्ट्रेस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा थ, जिसमें उन्होंने खुलासा किया था कि वो अपनी बेस्ट फ्रेंड के बॉयफ्रेंड को डेट करना चाहती थीं.

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान फिल्मी इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुकी हैं. उनकी एक्टिंग के अलावा लोग उन्हें उनके अनोखे अंदाज और बेबाकपन के लिए भी काफी ज्यादा पसंद करते हैं.

12 अगस्त को सारा अपना 30वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं. अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ सारा की पर्सनल लाइफ भी लोगों के बीच चर्चा में रही है और उन्होंने इससे जुड़ी कई चीजों का खुलासा भी किया है.

सारा ने एक पुराने इंटरव्यू में अपनी डेटिंग हिस्ट्री के बारे में बात करते हुए ये खुलासा किया था कि वो एक वक्त पर अपनी बेस्ट फ्रेंड के बॉयफ्रेंड को डेट करना चाहती थीं. हालांकि, ऐसा मुमकिन नहीं हो सका.एक्ट्रेस से इंटरव्यू के दौरान ये पूछा गया कि क्या उन्होंने किसी लड़के को प्रपोज किया है, तो उन्होंने इसका खुलासा किया. उन्होंने बताया कि उन्हें उस लड़के में दिलचस्पी थी, लेकिन वह पहले से उनकी दोस्त को डेट कर रहा था.

इस मौके पर सारा अली खान के साथ कार्तिक आर्यन भी मौजूद थे. जब उन्होंने इसके बारे में सुना, तो एक्टर ने उनसे पूछा कि तुम्हें पता था वो तुम्हारी बेस्ट फ्रेंड को डेट कर रहा है, फिर भी तुम उसकी थाली में छेद करना चाहती थीं? इस सवाल पर एक्ट्रेस ने हंसते हुए कहा, उसने थाली में छेद करने ही नहीं दिया न, लोहे की बनी थी वो थाली. इस जवाब पर मजाकिया अंदाज में कार्तिक ने कहा कि खुश किस्मत नहीं था वो।



# पुरी जगन्नाथ मंदिर के महाप्रसाद की पवित्रता से समझौता नहीं

## सरकार ने किया ऑनलाइन बिक्री का प्रस्ताव खारिज

**पुरी , एजेंसी।** राज्य सरकार ने सोमवार को कहा कि पुरी जगन्नाथ मंदिर के महाप्रसाद की ऑनलाइन बिक्री शुरू करने या उसका समर्थन करने की उसकी कोई योजना नहीं है और न ही वह डिजिटल फ़ूड प्लेटफ़ॉर्म की ऐसी किसी पहल का समर्थन करती है।

कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा, महाप्रसाद का गहरा धार्मिक महत्व है और इसे सर्वोच्च सम्मान के साथ रखा जाना चाहिए। यह पारंपरिक रूप से केवल मंदिर परिसर में ही बेचा जाता है, और अगर इसे ऑनलाइन बेचा गया तो इसकी पवित्रता से समझौता हो सकता है। उनका यह बयान एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म द्वारा महाप्रसाद बेचने के प्रयास के बाद सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाओं के जवाब में आया है।

### सरकार ऐसी किसी भी पहल का समर्थन या प्रचार नहीं करती

उन्होंने कहा, ''हमें डर है कि अगर 'महाप्रसाद' को इस तरीके से श्रद्धालुओं तक पहुंचाया गया तो इसकी शुद्धता कायम रह पाएगी या नहीं।'' हरिचंदन ने कहा कि सरकार ऐसी किसी भी पहल का समर्थन या प्रचार नहीं करती है। उन्होंने कहा, ''न तो हमारे पास ऐसा कोई प्रस्ताव है और न ही हम किसी को 'महाप्रसाद' को ऑनलाइन बेचने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।'' कानून मंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे 'महाप्रसाद' ग्रहण करने के लिए पुरी जगन्नाथ मंदिर आएं। उन्होंने कहा कि 'महाप्रसाद' के लिए संशोधित दर जल्द लागू की जाएगी। मंत्री का यह बयान मीडिया की उन खबरों के बाद आया है जिनमें भगवान जगन्नाथ के 'महाप्रसाद' की बिना अनुमति ऑनलाइन बिक्री का आरोप लगाया गया है।



### 'महाप्रसाद' की ऑनलाइन बिक्री के प्रस्ताव को नामंजूर किया

ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि राज्य सरकार ने पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'महाप्रसाद' की ऑनलाइन बिक्री के कुछ संगठनों के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है। हरिचंदन ने यहां सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि कुछ संगठनों ने हाल में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) से पुरी मंदिर के 'महाप्रसाद' और 'सूखा प्रसाद' को ऑनलाइन मंचों के माध्यम से श्रद्धालुओं तक पहुंचाने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, ''दुनियाभर के श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध कराना एक अच्छा विचार था, लेकिन सरकार और एसजेटीए ने प्रसाद की शुद्धता को बनाए रखने के लिए इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।''

संक्षिप्त समाचार

## माफिया-दंगाई कौन है, जनता जानती है: शिवपाल यादव



**लखनउ, एजेंसी।** गुंडे, माफिया और दंगाई-सबके सब सैफई परिवार के भाई, डिप्टी सीएम केशव मौर्या के इस बयान सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा व समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल यादव ने पलटवार किया है। केशव पर हमला बोलते हुए शिवपाल यादव ने कहा है कि गुंडे, माफ़िया और दंगाई कौन हैं, यह यूपी की जनता भली-भांति जानती है। मंगलवार सुबह शिवपाल यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि केशव जी, गुंडे, माफ़िया और दंगाई कौन हैं, यूपी की जनता सब जानती है। शिवपाल यादव यही नहीं रुके। उन्होंने कि बुलडोज़र से कानून का गला घोंटने वाले, किसानों पर लाठियां बरसाने वाले, किसानों की ज़मीन पर कब्जा करने वाले, बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार के संरक्षक, ये सब आपके आंगन के 'भाई' हैं। शिवपाल यादव ने कहा कि सैफ़ई परिवार ने तो अस्पताल, स्टेडियम, नौकरियां और विश्वविद्यालय दिए। आपके 'परिवार' ने क्या दिया?नफ़रत, महंगाई और जंगलराज! दरअसल, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने मंगलवार सुबह एक्स पर पोस्ट कर सपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि गुंडे, माफिया और दंगाई-सबके सब सैफई परिवार के भाई। इस पोस्ट के बाद शिवपाल यादव ने भी जवाब देते हुए हमला बोला।

**केशव ने अखिलेश यादव और राहुल पर भी निशाना साधा था :** इससे पहले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा था। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए पोस्ट में केशव ने कहा कि सत्ता के लंबे वियोग ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव की छटपटाहट बढ़ा दी है। और यह 2047 तक ऐसे ही बरकरार रहने वाली है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं में जनता का कोई भरोसा नहीं है क्योंकि दोनों राजतंत्र के प्रतीक हैं और जनता जनार्दन का मानमर्दन कर लंबे समय तक सत्ता को भोगते रहे हैं। केशव ने लिखा कि जब जनता ने इनकी राजशाही का चोला उतारकर लोकतंत्र के प्रतीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में भरोसा जताया तो इन्होंने लोकतंत्र के विरुद्ध ही मोर्चा खोल दिया है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि बुलेट से बैलट पर कब्जा करके राजनीति करने का समाजवादी पार्टी का काला इतिहास रहा है।

# रूस-यूक्रेन में शांति बहाल होते ही अमेरिकी टैरिफ से भारत को मिलेगी राहत: थरूर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध थम जाता है तो इससे भारत को काफी फायदा है। थरूर ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच शांति बहाल होते ही अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से भारत को राहत मिल जाएगी। थरूर ने यह बात विदेश मामलों की संसदीय समिति की बैठक संपन्न होने के बाद कही। कांग्रेस सांसद इस समिति के अध्यक्ष हैं। शशि थरूर ने कहा कि रूस से तेल खरीदने के कारण हमपर (अमेरिका द्वारा) जो 25प्रतिशत टैक्स लगाया गया है वो सिर्फ रूस और यूक्रेन के युद्ध के कारण है। अगर युद्ध नहीं है तो स्वाभाविक रूप से वो नहीं रहेगा। लेकिन इसके अलावा जो 25प्रतिशत टैक्स बढ़ाया गया है, उसे भी कम कराने के लिए चर्चा करनी चाहिए।

### ट्रंप और पुतिन की होने वाली है मुलाकात

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के जल्द ही मुलाकात होने वाली है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस दौरान दोनों देश रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर भी बातचीत करेंगे। अगर सबकुछ ठीक रहा तो ट्रंप और पुतिन युद्धविराम को लेकर ठोस नतीजे पर भी पहुंच सकते हैं। अगर यह युद्ध थमता है तो भारत को फायादा होने की उम्मीद रहेगी। बता दें कि इससे पहले पिछले हफ्ते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई थी। दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों को गहराई देने और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने संबंधी बात की।

### जेलेंस्की से भी हुई पीएम मोदी की बात

इसके अलावा यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ भी पीएम मोदी की टेलीफोनिक वार्ता हुई है। इस दौरान पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान की बात कही है। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत रूस से तेल न खरीदे क्योंकि इससे यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को मदद मिल रही है। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत अमेरिका के अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच रूस-यूक्रेन में शांति समझौते को लेकर होने वाली शिखर वार्ता से पहले हुई है।

### कैसे मिल सकता है 25 फीसदी का फायदा

अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर थरूर ने कहा कि 25 अगस्त को अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल को अगले स्तर की वार्ता के लिए आना था। अभी तक उनकी तरफ से इसमें किसी भी तरह के बदलाव के बारे में कुछ नहीं बताया गया है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया था। बाद में उन्होंने इस टैरिफ को बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया। ट्रंप का कहना है कि भारत रूस का तेल खरीद रहा है और इससे रूस को आर्थिक मदद मिल रही है। इसके चलते रूस यूक्रेन के खिलाफ लगातार युद्ध जारी रखे हुए है।

## राजस्थान बीजेपी में मोर्चा परिवर्तन की सुगबुगाहट

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजनीति में इन दिनों नई करवट देखने को मिल रही है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के एक बयान ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि पार्टी कुछ मौजूदा मंत्रियों को सरकार से हटाकर संगठन में लेने की योजना बना रही है, वहीं संगठन के कुछ चेहरों को सरकार में भेजने पर भी मंथन चल रहा है। राठौड़ का यह बयान सामान्य नहीं, बल्कि बहुत कुछ कहता है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का कहना है कि हम तो कई मंत्रियों को भी संगठन में लेने की सोच रहे हैं। हमारे यहां से भी कई जा सकते हैं, उधर से भी हम ले सकते हैं, यह कहते हुए राठौड़ ने बीजेपी के भीतर चल रही रणनीति की एक झलक दे दी। उन्होंने आगे कहा, हमारे यहां संगठन सर्वोपरि है। संगठन सत्ता बनाता है, इसलिए सत्ता में जिसकी जरूरत होगी, उसको सत्ता में भेजेंगे। हमारे यहां तो सिपाही हैं। हमारा कार्यकर्ता सिपाही है, कहीं भी भेजो, वहां काम करेगा। राठौड़ के इस बयान के बाद यह साफ हो गया है कि पार्टी में मोर्चा परिवर्तन की तैयारी हो चुकी है। कौन मंत्री रहेगा और कौन नहीं, यह अब परफॉर्मेंस और संगठन की जरूरतों पर तय होगा। सवाल उठ रहा है कि क्या वाकई कुछ मंत्रियों की कुर्सी खतरे में है?

उन्होंने दो टूक कहा कि, क्यों नहीं, सिपाही को किस मोर्चे पर भेजना है, यह तो संगठन तय करेगा। किस मोर्चे पर वह फिट होता है, यह भी संगठन तय करेगा। लेकिन यह सब काम आवश्यकता होने पर करेंगे। कब करेंगे यह आपको बता देंगे। यानी पत्ते खुलेंगे, लेकिन समय आने पर। बीजेपी के भीतरू सूत्र पहले से ही इस बात की ओर इशारा कर रहे थे कि राजस्थान में मंत्रिमंडल फेरबदल और नई राजनीतिक नियुक्तियों की तैयारी चल रही है। अब राठौड़ के बयान ने इन अटकलों को और हवा दे दी है। चर्चा है कि जैसे ही राष्ट्रीय नेतृत्व से हरी झंडी मिलेगी, राजस्थान सरकार में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। प्रदेश में लंबे समय से नई कार्यकारिणी के गठन की प्रतीक्षा है और मंत्रिमंडल विस्तार की फाइलें भी धूल खा रही हैं। लेकिन अब लगता है कि बीजेपी संगठन अपनी अगली चाल चलने को तैयार है। पार्टी नेतृत्व तय करेगा कि किसे संगठन में मजबूत किया जाए और किसे सत्ता की जिम्मेदारी दी जाए। यह सियासी बदलाव केवल चेहरों की अदला-बदली नहीं होगी, बल्कि इसके पीछे पार्टी का मिशन 2028 भी छिपा हो सकता है।

## हिमाचल के पेंशन फंड की वापसी का मामला अटका केंद्र की दो-टूक, वापसी का प्रावधान नहीं



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना (ओल्ड पेंशन स्कीम, ओपीएस) लागू करने के बाद कर्मचारियों के पेंशन फंड की वापसी का मामला अटक गया है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि मौजूदा कानून में यह फंड राज्यों को लौटाने का कोई प्रावधान नहीं है। इससे राज्य सरकार पर वित्तीय बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि केंद्र के पास ओपीएस बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**संबंधित नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं :** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में स्पष्ट किया कि पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) अधिनियम, 2013, पीएफआरडीए (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत निकासी और वापसी) विनियम, 2015 और अन्य संबंधित नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में अंशधारकों द्वारा जमा की गई कुल राशि को राज्यों को वापस किया जा सके। पीएफआरडीए को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार 31 जुलाई 2025 तक हिमाचल प्रदेश का 11,111.93 करोड़ रुपये एनपीएस में जमा है। राज्य सरकार इसे वापस चाहती है ताकि ओपीएस के तहत पेंशन भुगतान किया जा सके।

**पांच राज्यों के भी पैसे फंसे :** ओपीएस लागू कर चुके पांच राज्यों राजस्थान, पंजाब, छत्तीसगढ़, झारखंड और हिमाचल ने अपने पेंशन फंड की वापसी के लिए केंद्र को जानकारी दी है। इनमें राजस्थान का सबसे ज्यादा 50,884.11 करोड़, पंजाब का 31,960.43 करोड़, छत्तीसगढ़ का 22,499.80 करोड़, झारखंड का 14,368.67 करोड़ और हिमाचल का 11,111.93 करोड़ रुपये एनपीएस में फंसा है। हिमाचल में कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले ओपीएस बहाल करने का वादा किया था। सत्ता में आने के बाद सुखविंदर सिंह सुक्खु सरकार ने पहली ही कैबिनेट बैठक में इस योजना को बहाल करने का फैसला लिया और इसे लागू कर दिया। लेकिन जमा फंड न मिलने से राज्य सरकार को अपने संसाधनों से पेंशन का भुगतान करना पड़ रहा है। ओपीएस लागू होने के बाद राज्य की वित्तीय हालत पर असर पड़ा है। विपक्षी दल इस मुद्दे पर लगातार सरकार की घेराबंदी कर रहा है। हालांकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि उनकी सरकार किसी भी सूरत में ओपीएस बंद नहीं करेगी।

## तमिलनाडु की स्टालिन सरकार का बड़ा फैसला! अब घर-घर पहुंचेगा बुजुर्गों-दिव्यांगों का राशन



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार ने बताया कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन मंगलवार को 21 लाख से ज़्यादा लाभार्थियों - वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों - के घर तक राशन पहुँचाने की योजना का शुभारंभ करेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि स्टालिन यहाँ मुख्यमंत्री थायुमानवर योजना का शुभारंभ करेंगे, जिसके तहत चावल और चीनी सहित राशन की सामग्री इच्छित लाभार्थियों के घर तक पहुँचाई जाएगी। इस योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन राशन कार्ड धारक लक्षित लाभार्थी हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस योजना से लगभग 20.42 लाख वरिष्ठ नागरिक और 1.27 लाख से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित होंगे। इस पहल के तहत, हर दूसरे शनिवार और रविवार को लाभार्थियों के घर-घर राशन पहुंचाया जाएगा। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित विवरण पहले ही प्राप्त कर लिए गए हैं और संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारियों के साथ साझा किए जा चुके हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, कर्मचारी पात्र लाभार्थियों तक राशन पहुंचाएंगे। इस पहल के तहत उन्हें एक इलेक्ट्रॉनिक वजन तौलने की मशीन और ई-पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) मशीन भी उपलब्ध कराई जाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''इस जनहितैषी कदम पर सरकार को 30.16 करोड़ रुपये का खर्च आएगा और सरकार का लक्ष्य समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों का कल्याण सुनिश्चित करना है।

## इस्तीफा नहीं चाहिए, बाहर करो; राहुल गांधी के कहने पर निकाले गए कर्नाटक के मंत्री?

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना को सोमवार को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया। खास बात है कि राजन्ना को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का करीबी माना जाता था, लेकिन कहा जा रहा है कि वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस को ही घेरने के चलते उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। हालांकि, इसे लेकर कांग्रेस या राज्य सरकार ने साफतौर पर कुछ नहीं कहा है। एनडीटीवी की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी चाहते थे कि राजन्ना को निकाल दिया जाए।

## विधायक अदिति सिंह ने एमएलए प्रतीक भूषण को बांधी राखी



**गोंडा, एजेंसी।** यूपी विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सदन में जहां जोरदार हंगामा हो रहा था वहीं इस दौरान परिसर में एक दिलचस्प नजारा भी देखने को मिला। रायबरेली की सदर सीट से भाजपा की विधायक अदिति सिंह ने गोंडा से भाजपा के विधायक प्रतीक भूषण सिंह को राखी बांधी जिसके बाद प्रतीक भूषण ने अदिति सिंह के पैर छुए और आशीर्वाद लिया। गिफ्ट के तौर पर प्रतीक भूषण ने उन्हें रायबरेली की हर बहन की रक्षा का वचन दिया। दिवंगत विधायक अखिलेश सिंह की बेटी अदिति सिंह, पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह के बेटे प्रतीक भूषण को पहले भी राखी बांधती रही है लेकिन विधानसभा में उन्होंने पहली बार राखी बांधी तो यह तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल हो गई। राखी बंधवाने के दौरान का वीडियो भी सामने आया है। यह वीडियो विधायक अदिति सिंह ने खुद भी 'एक्स' पर शेयर किया है।

### अदिति सिंह ने एक्स पर शेयर किया वीडियो

बाद में विधायक अदिति सिंह ने विधायक प्रतीक भूषण को राखी बांधने का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर खुद भी शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा-'आज उत्तर प्रदेश विधान सभा के मानसून सत्र के पहले दिन गोंडा से विधायक श्री प्रतीक भूषण सिंह जी की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया। इस अवसर पर प्रतीक जी ने मेरा चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। साथ ही भावपूर्ण संकल्प लिया कि वे गोंडा ही नहीं रायबरेली की भी हर बहन की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा, यह केवल गोंडा और रायबरेली का नहीं बल्कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का बंधन है। हमारे दोनों जिलों के लोगों को गर्व होना चाहिए कि गोंडा के एक भाई ने रायबरेली की बेटी को अपनी बहन के रूप में माना है।

इसमें प्रतीक भाई-बहन (प्रतीक भूषण और अदिति सिंह) हंसी-मजाक करते भी दिखे। अदिति सिंह ने प्रतीक भूषण की कलाई पर एक के बाद एक दो राखियां बांधीं।



# बीच सड़क मॉडल के सामने मास्टरबेट करने वाले को पुलिस ने दबोचा, 14 लाख का है पैकेज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** गुरुग्राम में सरेआम एक मॉडल के सामने मास्टबेट करने वाले आरोपी को गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हरियाणा के करनाल का रहने वाला है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तारी कर लिया। आरोपी युवक एमटेक पास है। वह गुरुग्राम की एक प्राइवेट कंपनी में सालाना 14 लाख के पैकेज पर नौकरी करता है।

**शादीशुदा है आरोपी :** पुलिस के मुताबिक, आरोपी शादीशुदा है। उसका एक बच्चा भी है। एक साल से वह गुरुग्राम के सेक्टर-11 में रह रहा था।

**मास्क की वजह से था बेखौफ :** पुलिस ने बताया कि वारदात करने के बाद अ?भिषेक अपने कमरे पर आया। इसके बाद रोजाना जॉब पर भी जाने लगा। उसे लगा कि उसने मास्क पहन कर वारदात को अंजाम दिया है इसलिए कोई उसे पहचान नहीं पाएगा और उसे पकड़ा नहीं जा सकेगा। लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर उसे दबोच लिया।

**एक युवती के साथ छेड़छाड़ भी की थी:** उसकी गिरफ्तारी के बाद एक और खुलासा हुआ है कि आरोपी ने इससे पहले जेएमडी बिल्डिंग में काम करने वाली युवती के साथ भी छेड़छाड़ की थी। इस मामले में भी पुलिस उसे नामजद करने की तैयारी कर रही है।

**मॉडल ने थाने पहुंचकर दर्ज कराए थे बयान :** थाना सिविल लाइन के एसएचओ कृष्ण ने बताया कि शिकायत मिलते ही एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। मॉडल ने थाने में आकर अपने बयान भी दर्ज करवाएं थे। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**अति व्यस्त राजीव चौक पर हुई थी घटना:** रविवार को गुरुग्राम के अति व्यस्त राजीव चौक पर सुबह 11 बजे यह घटना हुई थी। यहां जयपुर से गुरुग्राम लौटी एक मॉडल कैब का इंतजार कर रही थी। इस दौराम मास्क पहने हुए एक शख्स ने मॉडल के सामने अपनी पैंट की जीप खोली और मास्टरबेट करने लगा। युवती ने आरोपी की अश्लील हरकत को कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया।

**मॉडल ने वीडियो जारी दी थी घटना की जानकारी :** इसके बाद मॉडल ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करते हुए इस शर्मनाक घटना के बारे में लोगों को बताया। उसने कहा कि आरोपी मुझे लगातार घूर रहा था लेकिन शुरू में मैंने उसे इग्नोर किया। फिर देखा कि आरोपी मास्टरबेट करने लगा।

**पुलिस हेल्पलाइन पर की थी कॉल:** मॉडल ने बताया कि शुरू में तो मैंने कुछ रिकॉर्ड नहीं किया, क्योंकि पूरी घटना से वह स्तब्ध हो गई थी। मैंने पुलिस हेल्पलाइन पर भी कॉल किया था, लेकिन किसी ने नहीं उठाया। बाद में गूगल से उन्होंने एक नंबर निकाला और दूसरी तरफ से फोन पर कहा गया कि ऑनलाइन कंप्लेंट नहीं की जा सकती है, आपको थाने आना पड़ेगा।



सिनसिनाटी ओपन:

# आर्यना सबालेंका ने जीता महिला सिंगल्स खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने 3 घंटे 9 मिनट तक चले सिनसिनाटी ओपन के संघर्षपूर्ण फाइनल में ब्रिटेन की एम्मा रादुकानु को हराकर खिताब जीता। रादुकानु एक बार फिर से सबालेंका के खिलाफ लगातार हार के सिलसिले को तोड़ने में नाकामयाब रहीं। पहले सेट में रादुकानु ने शानदार खेल दिखाया और पहले नौ अंक जीतकर जोरदार शुरुआत की। लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता गया, उनकी पकड़ कमजोर होती गयी। उनकी सर्विस कमजोर पड़ने लगी। वहीं, सबालेंका ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की और टाई-ब्रेक में पहला सेट 7-6 (3) से जीता। दूसरे सेट में एम्मा रादुकानु ने जोरदार वापसी की। उन्होंने सबालेंका को छकाते हुए सेट 4-6 से अपने नाम किया। तीसरा सेट बेहद अहम और निर्णायक था। दोनों की तरफ से उनका सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिला। रादुकानु ने ताकतवर फोरहैंड और बैकहैंड का इस्तेमाल किया और सबालेंका के आक्रमण को रोकने में भी सफलता पाई। वहीं नंबर वन खिलाड़ी सबालेंका ने भी अपनी क्लास से रादुकानु पर अपनी पकड़ बनाए रखी और सेट टाई ब्रेकर में 7-6 (5) से जीतकर खिताब अपने नाम किया। जीत के बाद सबालेंका ने कहा, मैं इस मुश्किल मैच को जीतकर खुश हूं। रादुकानू पर तीसरे सेट में जीत हासिल करने के लिए मुझे जोखिम भरे शॉट खेलने पड़े। मुझे उसके खिलाफ लड़ने में मज़ा आ रहा है। वह एक अद्भुत खिलाड़ी है, एक बहुत अच्छी इंसान है, और मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। मैं उसे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ देखकर खुश हूं। वह खेल में लगातार सुधार कर रही है। एम्मा रादुकानु बेशक यह मैच नहीं जीत सकी, लेकिन उन्होंने अपने खेल से प्रभावित किया। फाइनल हारने के बाद रादुकानु ने कहा, वह किसी खास वजह से नंबर 1 हैं। मैंने विंबलडन की तुलना में उन पर ज्यादा दबाव डाला। यह मेरे लिए संतोषजनक था। मैं हमेशा से सोचती थी कि घास मेरे लिए ज्यादा उपयुक्त है। अब भी यही मानती हूं। इसलिए हार्ड कोर्ट पर उन पर दबाव डालने पर मुझे बहुत गर्व है।

रोहित-विराट के टेस्ट क्रिकेट छोड़ने पर पूर्व क्रिकेटर का बड़ा बयान

# उन्होंने गलत प्रारूप से संन्यास लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के जल्द ही वनडे से संन्यास लेने की मीडिया रिपोर्टों के बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि भारतीय दिग्गजों ने गलत प्रारूप से संन्यास लिया और वर्तमान समय में वनडे क्रिकेट के अभाव के कारण उन्हें टेस्ट क्रिकेट की बजाय 50 ओवर के प्रारूप को छोड़ना चाहिए था। कप्तान शुभमन गिल द्वारा भारत को 2-2 से शानदार ड्रॉ दिलाने के कुछ दिनों बाद ऐसी खबरें आने लगीं कि रोहित और विराट वनडे भी छोड़ सकते हैं। दोनों ही 2027 में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया में होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप की योजना में नहीं हैं, जब तक कि दोनों अपनी मैच फिटनेस और फॉर्म साबित करने के लिए घरेलू



50 ओवर का क्रिकेट नहीं खेलते। दोनों क्रिकेटरों ने मई में भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए चोपड़ा ने कहा, सच्चाई यह है कि उन्होंने गलत फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। उन्होंने टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 छोड़ दिया था, लेकिन अगर वे टेस्ट खेलना जारी रखते और वनडे को अलविदा कह देते तो कहानी कुछ और होती। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले 12 महीनों में भारत ने सिर्फ 6 वनडे खेले थे।

उन्होंने आगे कहा, हो सकता है कि आप साल में सिर्फ छह टेस्ट खेलें, लेकिन अगर ये सिर्फ छह टेस्ट भी हैं, तो ये 30 दिन का क्रिकेट है। अगर सिर्फ छह वनडे खेले जाते हैं, तो ये एक समयावधि में सिर्फ छह दिन का क्रिकेट होगा। आपके आखिरी IPL मैच से लेकर अगले वनडे मैच तक 100 दिन से ज्यादा का समय लगेगा। आप बिल्कुल नहीं खेल रहे हैं। आप बिल्कुल भी अभ्यास नहीं कर रहे हैं।

चोपड़ा ने यह भी बताया कि इन दिनों वनडे सीरीज के बीच का अंतराल भी बेहद बड़ा है और सिर्फ कुछ वनडे मैचों से फॉर्म, फिटनेस, डाइट के प्रति प्रतिबद्धता आदि को बनाए रखना मुश्किल होगा। मौजूदा कमेंटेटर ने कहा, तीन मैचों की एक सीरीज सात से आठ दिनों में खत्म हो जाती है। फिर अगली सीरीज तीन महीने बाद होगी। अंतराल बहुत बड़ा है और आप बीच में प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलेंगे।

## 0 पर आउट हो गए 10 बल्लेबाज, इस टीम ने सिर्फ 2 गेंदों में जीता टी-20 मैच

### 2 गेंदों में जीता टी-20 मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 मैच तो आपने बहुत देखे होंगे. इस फॉर्मेट में कई बड़े रिकॉर्डों को टूटते और बनते देखा होगा. टीमों को छोटे स्कोर पर ढहते होगा. लेकिन, यकीन मानिए हम जिसके बारे में बताने जा रहे हैं, वैसा ना तो पहले कभी देखा और



ना ही सुना होगा. ये अपने आप में हुई एक अनोखी घटना है. और, ये मेंस क्रिकेट में नहीं बल्कि महिला टी20 मैच के दौरान हुआ है, जहा एक टीम के 10 बल्लेबाजों का तो खाता भी नहीं खुला, मतलब वो जीरो पर आउट हो गए. टारगेट इतना छोटा रहा कि विरोधी टीम ने मुकाबला सिर्फ 2 गेंदों में ही जीत लिया. अब सवाल है कि ये मैच खेला कहां गया?

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन प्रदेश की सीनियर महिला टीम के संभावितों के सेलेक्शन के लिए जयपुर और उदयपुर जिला केंद्र पर राज्य स्तरीय सीनियर महिला टी20 टूर्नामेंट करा रहा है. ये मुकाबला उसी टूर्नामेंट में सीकर और सिरोही जिले की टीमों के बीच खेला गया. क्रिकेट को अनिश्चितताओं का खेल कहते हैं और जयपुर में हुए मुकाबले में ऐसी ही एक अनिश्चितता ने सिरोही की टीम को घेर लिया. किसी ने नहीं सोचा था कि सिरोही की टीम का हाल इतना बुरा होगा.

### 10 बल्लेबाजों ने बनाए जीरो, 2 गेंदों में टारगेट हुआ चेज

मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिरोही की टीम की बल्लेबाजी की हालत 'तू चल, मैं आया' वाली रही. एक के बाद एक ताश के पत्तों की तरह विकेट ढह रहे थे. इस बीच स्कोर बोर्ड पर रन लगने की बात ना ही करें तो बेहतर. क्योंकि, वो तो 9वें नंबर के बल्लेबाज के क्रीज पर आने के बाद ही संभव हो सका. उसने ही 2 रन जोड़े और बाकी के 2 रन एक्स्ट्रा से आ गए. बाकी के 10 बल्लेबाजों के नाम के आगे तो बस जीरो ही लिखे रहे. कुल मिलाकर सिरोही की टीम सिर्फ 4 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. जवाब में 5 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीकर की टीम के लिए इस काम से तो आसान कुछ हो ही नहीं सकता था. उन्होंने बस 2 गेंदें खेलकर अपना टारगेट हासिल कर लिया. और, इस तरह सिरोही की टीम को महिला टी20मैच में सीकर के हाथों 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा.

## जापानी बॉक्सिंग में काला सप्ताह, दो दिन में 2 मुक्केबाजों की मौत, JBC ने 12 राउंड मुकाबलों पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जापानी बॉक्सिंग की दुनिया इन दिनों गहरे सदमे में है। महज कुछ दिनों के भीतर, एक ही इवेंट में हिस्सा लेने वाले दो पेशेवर मुक्केबाजों की मौत ने खेल जगत को हिला दिया है। 28 साल के शिगेतोशी कोतारी और हिरोमासा उराकावा ने 2 अगस्त को टोक्यो के कोराकुएन हॉल में अलग-अलग



मुकाबलों में हिस्सा लिया। मुकाबले के दौरान दोनों को ही गंभीर चोटें लगीं, जिसके चलते उन्हें जान गंवानी पड़ी। शिगेतोशी कोतारी की यामातो हाटा के साथ मुकाबले के दौरान लगी चोटों के कारण पिछले शुक्रवार (8 अगस्त 2025) को मृत्यु हो गई। शिगेतोशी कोतारी की मौत के अगले दिन हिरोमासा उराकावा की शनिवार (9 अगस्त 2025) को मृत्यु हो गई। फेदरवेट वर्ग के 8वें राउंड में हिरोमासा उराकावा और योगी सैतो के बीच नॉकआउट मुकाबला हुआ था।

मुकाबले में हिरोमासा हार गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। बाद में 9 अगस्त को उनकी मृत्यु हो गई। कोतारी और उराकावा दोनों की सबड्यूरल हेमेटोमा के लिए सर्जरी हुई थी। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें किसी चोट के कारण खोपड़ी और मस्तिष्क के बीच खून जम जाता है। लगातार हो रही मौतों ने जापान बॉक्सिंग कमीशन को झकझोर दिया है।

## 100 करोड़ की मानहानि का मामला: धोनी को बड़ी सफलता, हाईकोर्ट ने सुनवाई का आदेश दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मद्रास हाईकोर्ट ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी द्वारा दो प्रमुख मीडिया चैनलों और एक पत्रकार के खिलाफ 2013 के आईपीएल सट्टेबाजी कांड में उनका नाम घसीटने के आरोप में दायर 100 करोड़ रुपए के मानहानि के मामले में सुनवाई का आदेश दिया है। एमएस धोनी इस मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। न्यायमूर्ति सीवी कार्तिकेयन ने एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है जो धोनी की ओर से सबूत दर्ज करेगा। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान इस पूछताछ के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होंगे क्योंकि एक सेलिब्रिटी होने के कारण उनकी उपस्थिति से अव्यवस्था पैदा हो सकती है।

धोनी ने 2014 में प्रतिवादियों से 100 करोड़ रुपए के हर्जाने की मांग करते हुए यह मामला दायर किया था। 44 वर्षीय धोनी का आरोप है कि आईपीएल सट्टेबाजी कांड पर



एक टेलीविजन बहस के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की गईं। एक रिपोर्ट के अनुसार वरिष्ठ वकील पीआर रमन ने धोनी की ओर से एक हलफनामा पेश किया जिसमें मुकदमे की शुरुआत की मांग की गई थी।

यह मुकदमा एक दशक से लंबित है, क्योंकि संबंधित पक्ष वर्षों से राहत की मांग कर रहे हैं। हलफनामे में लिखा है, उपरोक्त अनुरोध किसी भी अनुचित देरी (एक दशक से अधिक समय से उच्च न्यायालय में लंबित मुकदमे के निपटारे में) से बचने और मुकदमे के निष्पक्ष, न्यायसंगत और शीघ्र निर्णय का समर्थन करने के इरादे से किया गया है। मैं घोषणा करता/करती हूं कि मैं एडवोकेट कमिश्नर के साथ अपना पूरा सहयोग करूंगा/करूंगी और मुकदमे तथा साक्ष्य दर्ज करने के संबंध में इस माननीय न्यायालय द्वारा जारी सभी निर्देशों का पालन करूंगा/करूंगी।

## चेस: गुकेश ने ओपेरिन-लिएम को हराया, सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज़ के पहले दिन के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर



**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी।** गुकेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्हें पहले दौर के एक कड़े मुकाबले में अरोनियन से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की। मौजूदा विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने अमेरिका के लेवोन अरोनियन से पहले दौर में मिली हार के बाद वापसी करते हुए ग्रिगोरी ओपेरिन और लिएम ले क्वांग पर जीत दर्ज की और ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के पहले दिन संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

गुकेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्हें पहले दौर के एक कड़े मुकाबले में अरोनियन से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और सोमवार को खेली गई अन्य बाजियों में ओपेरिन और लिएम को हराकर संभावित छह में से चार अंक हासिल किए।लास वेगास में हाल ही में संपन्न फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने वाले अमेरिकी ग्रैंडमास्टर अरोनियन ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर अपना परफेक्ट स्कोर बनाए रखा। अरोनियन छह अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि उनके हमवतन फैबियानो कारुआना दो जीत और एक ड्रॉ के बाद पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गुकेश एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से तीसरे, जबकि वाचियर-लाग्रेव और लीनियर डोमिन्गुएज पेरेज तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं।

लिएम और ओपेरिन दो-दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नोडिरबेक के खाते में एक अंक है, जबकि सैम शैंकलैंड अपने सभी मैच हारने के बाद अंतिम स्थान पर हैं। गुकेश को पहले दौर में कैरो कान के डिफेंस गेम के कारण पैदा हुई जटिलताओं के कारण हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए ओपेरिन को शह और मात देने के लिए अपनी रानी की बलि दे दी और आसानी से जीत हासिल की। दिन के आखिरी मुकाबले में लिएम के खिलाफ काले मोहरों से खेल रहे गुकेश को फिर से मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दबाव बनाए रखा और आखिर में वह जीत हासिल करने में सफल रहे।

Doping:

## एथलीट गगनदीप को डोपिंग मामले में मिली तीन साल की सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेना का प्रतिनिधित्व करने वाले गगनदीप ने 12 फरवरी को उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की चक्का फेंक में 55.01 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। राष्ट्रीय खेलों में चक्का फेंक के स्वर्ण पदक




विजेता गगनदीप सिंह सहित कई खिलाड़ियों को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इन खिलाड़यों ने डोपिंग का आरोप लगने के 20 दिनों के अंदर अपना अपराध स्वीकार कर लिया था, जिसके कारण उनकी सजा चार साल के बजाय तीन साल कर दी गई। सेना का प्रतिनिधित्व करने वाले गगनदीप ने 12 फरवरी को उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की चक्का फेंक में 55.01 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

इसके बाद वह डोपिंग जांच में पॉजिटिव पाये गये। उनके नमूने में 'टेस्टोस्टेरोन मेटाबोलाइट्स' की पुष्टि होने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। इस 30 साल के खिलाड़ी की प्रतिबंध अवधि की शुरुआत 19 फरवरी 2025 से होगी। खिलाड़ी के पहले अपराध के लिए अधिकतम प्रतिबंध की अवधि चार साल है.

## स्टेफी ग्राफ: फैंस में ऐसी दीवानगी किसी और महिला टेनिस खिलाड़ी के लिए नहीं दिखी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेनिस दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय और रोमांचक खेलों में से एक है। इस खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता दिलाने में जिन खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही है, उनमें एक बड़ा नाम स्टेफी ग्राफ का है। चार साल की उम्र में टेनिस शुरू करने वाली ग्राफ ने सिर्फ 13 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में कदम रख दिया था। 17 साल लंबे अपने करियर के दौरान वह दुनिया की सर्वाधिक प्रभावशाली खिलाड़ियों में रहीं और टेनिस के प्रशंसकों के दिलों में अपने जोरदार खेल की बदौलत अमिट छाप छोड़ी।



14 जून 1969 को जर्मनी के मैनहेम में जन्मीं स्टेफी ग्राफ का करियर 1982 से लेकर 1999 तक था। 1982 से 1990 तक वह वेस्ट जर्मनी और 1990 से 1999 तक जर्मनी की तरफ से खेलीं। 17 साल के करियर में 377 सप्ताह तक लगातार वह दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रहीं। आठ बार उन्होंने कैलेंडर ईयर की समाप्ति नंबर वन रैंक के साथ की। ग्राफ दुनिया की एकमात्र टेनिस खिलाड़ी हैं जिन्होंने सभी चार मेजर ग्रैंड स्लैम (यूएस ओपन, ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन) कम से कम चार बार जीते हैं। ग्राफ कोर्ट पर अपनी इंटेंसिटी, गति और पावरफुल फोरहैंड के लिए जानी जाती थीं।

ग्राफ ने महिला एकल में कुल 22 ग्रैंड स्लैम जीते हैं। 13 अगस्त 1999 को जब उन्होंने टेनिस कोर्ट को अलविदा कहा था, उस समय वह इस खेल की दूसरी सर्वाधिक सफल खिलाड़ी थीं। उनसे आगे मार्गरेट कोर्ट थीं, जिनके नाम सर्वाधिक 24 ग्रैंड स्लैम पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड था। सेरेना विलियम्स ने 2017 में 23वां ग्रैंड स्लैम जीतकर ग्राफ को पीछे छोड़ दिया था। ग्राफ ने करियर में कुल 107 खिताब जीते। अमेरिका की एसोसिएट प्रेस ने ग्राफ को 20वीं सदी का महानतम खिलाड़ी घोषित किया था।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 8 साल के प्यार के बाद जॉर्जिना रोड्रिग्ज से की सगाई

### • करोड़ों में है अंगूठी की कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने आखिरकार लंबे समय (करीब 8 साल) से अपनी गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रोड्रिग्ज से सगाई कर ली। जॉर्जिना रोड्रिग्ज ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। तस्वीर में वह अपनी अंगुली में अंगूठी पहने हुए हैं। जॉर्जिना रोड्रिग्ज ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'हां मैंने की। अभी और मेरे पूरे जीवन में भी।'

**जॉर्जिना ने इंस्टाग्राम पर की सगाई की पुष्टि**

जॉर्जिना रोड्रिग्ज ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर शेयर की है उसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी दिख रहे हैं। जॉर्जिना ने रोनाल्डो को टैग भी किया है। रोनाल्डो ने खुद अब तक इंटरनेट पर कुछ भी पोस्ट नहीं किया है। चूंकि रोनाल्डो और जॉर्जिना लंबे समय से साथ हैं और अब अपने रिश्ते में एक नया कदम उठा रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह जोड़ा कब शादी के बंधन में बंधता है।

**विशेषज्ञ लगा रहे अंगूठी की कीमत का अनुमान**

जैसे ही सगाई की अंगूठी की तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई, विभिन्न विशेषज्ञों ने इसकी कीमत का आकलन करना शुरू कर दिया। अंगूठी 5 सेंटीमीटर से ज्यादा लंबी लग रही थी, जिसमें बीच में एक प्रमुख अंडाकार हीरा और दो छोटे रत्न जड़े थे। आभूषण विशेषज्ञों ने अंगूठी की कीमत का अनुमान




लगाना शुरू कर दिया है।

ब्रियोनी रेमंड के अनुसार, मुख्य अंडाकार हीरा 25 से 30 कैरेट के बीच हो सकता है, जबकि अन्य विशेषज्ञों का मानना है कि यह कम से कम 15 कैरेट का होना चाहिए। जौहरी फ्रैंक डार्लिंग के संस्थापक केगन फिशर के अनुसार, दोनों तरफ के हीरे लगभग 1 कैरेट के लग रहे हैं।

**16.8 से 42 करोड़ तक हो सकती है अंगूठी की कीमत**

हीरे की गुणवत्ता और आकार से पता चलता है कि यह बिल्कुल प्रीमियम है और पेशेवर मूल्यांकन 2 से 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 16.8 करोड़ से 42 करोड़ रुपये) के बीच है। लॉरैल डायमंड्स की लॉरा टेलर का सुझाव है कि अंगूठी की न्यूनतम कीमत 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर होगी, जबकि रेयर कैरेट के सीईओ अजय आनंद ने अंगूठी की कीमत 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक आंकी है।

**5 बच्चों के पिता हैं रोनाल्डो**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के जॉर्जिना रोड्रिग्ज से तीन बच्चे भी हैं। जॉर्जिना ने 12 नवंबर 2017 को बेटी अलाना मार्टिना को जन्म दिया। इसके बाद 18 अप्रैल 2022 को उन्होंने बेटी बेला एस्मेराल्डा और बेटे एंजेल को जन्म दिया, लेकिन दुर्भाग्य से जन्म के कुछ समय बाद ही एंजेल की मौत हो गई। क्रिस्टियानो रोनाल्डो 3 और बच्चों (क्रिस्टियानो जूनियर, माटओ और ईवा) के पिता हैं।

क्रिस्टियानो जूनियर की मां की पहचान हमेशा गुप्त रखी गई है, जबकि जुड़वां बच्चे माटेओ और ईवा सरोगेसी के जरिए पैदा हुए थे। जॉर्जिना ने काफी समय पहले एक पत्रिका दिए साक्षात्कार में बताया था कि सभी बच्चों को उन्होंने जन्म नहीं दिया, लेकिन वह उन्हें अपने बच्चे ही मानती हैं और वे बच्चे उन्हें मां कहते हैं।

**कौन हैं जॉर्जिना रोड्रिग्ज?**

जॉर्जिना एक सोशल मीडिया हस्ती, मॉडल और उद्यमी हैं। 31 साल की जॉर्जिना का जन्म अर्जेंटीना में हुआ और बाद में उनका पालन-पोषण स्पेन में हुआ। रोनाल्डो ने 2017 में उनके साथ अपने रिश्ते की पुष्टि की थी। दोनों पहली बार सार्वजनिक रूप से ज्यूरिख में फीफा फुटबॉल अवार्ड्स में साथ नजर आए थे। जॉर्जिना रोनाल्डो के साथ मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड और जुवेंटस के लिए खेलते हुए यात्रा करती थीं।

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048


D11082/25
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
24x7 जन सेवा में समर्पित
तकनीक से सशक्त
डायल 112
त्वरित और संवेदनशील आपातकालीन सेवा
शुभारंभ
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा
14 अगस्त 2025, दोपहर 12:00 बजे
कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार, भोपाल
डायल-100 अब हुई डायल-112
अब तक 1.97 करोड़
से अधिक नागरिकों को समय पर सहायता
19.71 लाख घटनाओं में महिला सुरक्षा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया
12.48 लाख सड़क दुर्घटनाओं में सहायता
2.23 लाख वरिष्ठ नागरिकों को सहायता
अब प्रतिक्रिया नहीं, पूरी तैयारी के साथ सुरक्षा का वादा
उन्नत कॉल सेंटर प्रणाली से मात्र 16 मिनट में लोकेशन पर पहुंचेगी सहायता
अग्निशमन, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और विशेष हेल्पलाइन जैसे महिला, साइबर बाल संरक्षण की एकीकृत हेल्पलाइन
गोपनीयता बनाये रखने हेतु नम्बर मास्किंग
चैटबॉट जैसे नॉन-वॉयस माध्यमों द्वारा नागरिकों से संवाद और शिकायतों की ट्रेकिंग
पारदर्शिता हेतु FRVs में डैशबोर्ड कैमरा और बॉडी वॉर्न कैमरा
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025